आज का विचार

नमक जैसे
किरदार बनाओ
ना कोई ज्यादा इस्तेमाल करे,
और ना कोई आपके
बिना रह सके।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-217 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, रविवार 1 जून , 2025



डॉक्टर प्रधान समेत तेईस कर्मी हुए सेवानिवृत,दी गई विदाई

रोहित शर्मा ने रचा इतिहास, क्रिस गेल और विराट कोहली के बाद ऐसा करने वाले बने दूसरे बल्लेबाज

# रिमझिम बारिश के बीच मुख्यमंत्री पहुंचे धमतरी के समाधान शिविर में, कमल के हार से मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत

00 सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के समाधान का अभियान - मुख्यमंत्री साय 00 धमतरी जिले में सौगातों की बारिश, 213 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों की घोषणा 00 54 दिवसीय सुशासन तिहार का धमतरी जिले में समापन 00 मुख्यमंत्री ने स्टॉलों का किया निरीक्षण, हितग्राहियों को किया सामग्री का वितरण







**रायपुर।** रिमझिम बारिश के बीच आज धमतरी के समाधान शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नागरिकों की मांग पर 213 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने हाईटेक बस स्टैण्ड, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और तीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी। आज जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिशन मोड में प्रदेश भर में पिछले 54 दिनों से संचालित सुशासन तिहार का आज धमतरी के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस समाधान शिविर और समीक्षा बैठक के बाद समापन हो गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी के समाधान शिविर में आमजनों से योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली और व्यक्तिगत रूप से आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिमझिम बारिश के बावजूद जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। कमल के फूलों के हार के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत किया।

## धमतरी में बड़ी घोषणाएं

सुशासन त्योहार के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए 213 करोड़ रुपये के कार्यों की सौगात दी। उन्होंने धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ रूपए, एक सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम के लिए 10 करोड़ 50 लाख रूपए, सिहावा चौक से कोलियारी तक फोर लेन सड़क निर्माण 5 किलोमीटर के लिए 69 करोड़ रुपए, रत्नाबन्धा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क के लिए 56 करोड़ रूपए और धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग नवीनीकरण और मजबूतीकरण के लिए 60 करोड़ रुपए की घोषणा की।

## सुशासन के मायने अच्छा शासन

मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है -अच्छा शासन। 'सुशासन तिहारइ आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित त्योहार है। 8 अप्रैल से शुरू हुए इस महाअभियान के प्रथम चरण में राज्य के प्रत्येक जिले में ग्रामीणों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदनों पर कार्यवाही की गई और तृतीय चरण में 08 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर आवेदनों के निराकरण की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। सुशासन तिहार के दौरान अचानक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की चौपाल में लोगों से फीडबैक लिया गया और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान किया गया। इस दौरान विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेशभर में 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन जनता के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का मतलब है, पूरी होने की गारंटी। पूर्व सरकार के कार्यकाल में जिन 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित किया गया था, उनकी चिंता करते हुए हमारी सरकार ने पहली ही कैबिनेट में इन सभी आवासों को स्वीकृति दी। अब तक लाखों हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया जा चुका है। हाल ही में बिलासपुर में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 3 लाख आवास और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंबिकापुर के कार्यक्रम में 51 हजार से अधिक आवासों का गृहप्रवेश कराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित माओवादियों और पीड़ित परिवारों के लिए विशेष 15,000 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही विशेष जनजातियों कोरवा, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाडि ?ा आदि के लिए 32,000 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए हैं। यह सभी पहल दर्शाती हैं कि सरकार समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 70 लाख से अधिक माताओं को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला का नाम छूट गया है या विवाह के बाद नाम अपडेट करना है, तो उसकी भी सुविधा आगे दी जाएगी। सरकार पूरी संवेदनशीलता से सभी को योजना से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत बुजुर्गों को लाभ मिल रहा है।

## योजनाओं की जानी हकीकत

मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही जोधापुर डाकबंगला वार्ड की श्रीमती सुधा मारकण्डे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें पक्का मकान मिल गया है और अब पानी टपकने और कीड़े-मकोड़े आदि का डर नहीं है। लखपति दीदी श्रीमती संतोषी हिरवानी ने बताया कि वह आजीविका के लिए मुगीर्पालन के साथ ही मछलीपालन, पशुपालन, मशरूम उत्पादन आदि का व्यवसाय कर रही हैं, इससे उन्हें 12 हजार रुपए की अतिरिक्त आय हो रही है। कला केन्द्र में कराटे और डांसिंग सिखाने वाले वेदप्रकाश साहू ने कहा कि, कलाकेन्द्र स्थापित होने से उन्हें रोजगार का अवसर मिला। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के हितग्राही श्री घनाराम रजवाड़े ने कार्ड के जरिए मिल रही निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा, महापौर श्री रामू रोहरा, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्री इंदर चोपड़ा, श्रीमती पिंकी शाह, श्री श्रवण मरकाम सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजु एस., आयुक्त, रायपुर संभाग श्री महादेव कांवरे, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

## कुछ अलग

### रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ की ठगी, दुबई से चल रहा था नेटवर्क; 6 आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर ,31 मई (ए)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ 8 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। साइबर क्राइम थाना, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद और काशीपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि इस ठगी के पीछे एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका सरगना दुबई और हांगकांग से ऑपरेट करता है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के लालपुर निवासी रिटायर्ड नौसेना अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने 1 मई को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां एक महिला ने खुद को शेयर मार्केट सलाहकार बताकर निवेश के लिए प्रेरित किया। शुरूआत में छोटे निवेश पर मुनाफा दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उन्हें 'बीएन फास्ट ट्रैकइ नामक ऐप डाउनलोड करवाया गया, जो फर्जी था। इस ऐप के डैशबोर्ड पर फर्जी मुनाफा दिखाकर उनसे 51 बार आईएमपीएस और आरटीजीएस के जरिए 2 करोड़ 8 लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाए गए।

## खरी-खरी




# हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी दोषी करार, कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

**मऊ ,31 मई (ए)।** बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और यूपी की मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हेट स्पीच मामले में मऊ की सीजेएम कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है और उन्हें दो साल की सजा सुनाई है।

यह फैसला मऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. केपी सिंह ने यह फैसला सुनाया है। अब्बास अंसारी को कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि हेट स्पीच मामले में आज एक फैसला आया है। 2022 में एक मामला कोतवाली नगर में कायम हुआ था। उस मामले में छह गवाह सामने आए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल की सजा सुनाई है। इस आदेश के खिलाफ हम लोग सेशन न्यायालय जाएंगे।

अब्बास अंसारी की विधायकी पर असर सेशन न्यायालय के आदेश के आधार पर होगा। इस मामले के खिलाफ सेशन न्यायालय जाने की तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान एक जनसभा में अब्बास अंसारी ने कथित तौर पर ऐसा बयान दिया था, जिसे भड़काऊ और अधिकारियों को धमकी देने वाला माना गया। उन्होंने कहा था कि सत्ता में आने के बाद 'सबका हिसाब लिया जाएगा।इ यह बयान सामने आने के बाद चुनाव आयोग ने अब्बास अंसारी के प्रचार पर रोक लगाई थी। यूपी पुलिस द्वारा केस दर्ज किए जाने के बाद इस मामले में सुनवाई चल रही थी। अब उन्हें मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है।

# पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑपरेशन शील्ड के तहत किया गया मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली ,31 मई (ए।** राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, शनिवार को पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करने वाले कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑपरेशन शील्ड के तहत सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल का अभ्यास शनिवार शाम 5 बजे शुरू हुआ और पंजाब, राजस्थान, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा और चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसमें सीमा के सबसे निकट और सीमा पार से खतरों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पहले यह अभ्यास 29 मई के लिए निर्धारित था, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे पुनर्निर्धारित कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह अभ्यास नागरिकों, सुरक्षाबलों और प्रशासनिक एजेंसियों के बीच तालमेल और प्रतिक्रिया प्रणाली को परखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। ऑपरेशन शील्ड शत्रुतापूर्ण हमलों से बचाव को लेकर डिजाइन किया गया है, जिसमें हवाई हमले के सायरन, ब्लैकआउट प्रोटोकॉल और नागरिक अधिकारियों, आपातकालीन सेवाओं और स्थानीय आबादी की तैयारी का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया क्रियाएं शामिल हैं। अभ्यास का उद्देश्य नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट संवेदनशील जिलों में संभावित बाहरी खतरों से उत्पन्न होने वाले वास्तविक समय के परिदृश्यों को दोहराना है, ताकि सुरक्षा बलों की तैयारियों, प्रतिक्रिया क्षमता और समन्वय को परखा और मजबूत किया जा सके। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पंजाब के चिन्हित संवेदनशील नागरिक क्षेत्रों में पूर्ण ब्लैकआउट लागू होगा, जिसमें अस्पताल और आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों जैसी आवश्यक सेवाएं शामिल नहीं होंगी। निवासियों को सचेत करने के लिए सायरन बजाए जाएंगे, और समुदाय व प्रतिक्रिया एजेंसियों की दबाव में प्रभावशीलता जांचने हेतु नकली प्रतिक्रिया उपाय लागू किए जाएंगे। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि देश भर में किए गए पिछले अभ्यास में कई परिचालन संबंधी कमियां सामने आई थीं, जिसके कारण विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए फॉलो-अप अभ्यास की आवश्यकता महसूस की गई।

# आजादी के बाद आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा और सबसे सफल ऑपरेशन है सिंदूर मध्य प्रदेश में बोले पीएम मोदी

0 ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम का पहला मध्य प्रदेश दौरा
0 पीएम मोदी ने भोपाल से ही इंदौर मेट्रो को दिखाई हरी झंडी
0 दतिया- सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण भी किया





**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में हिस्सा लिया। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जन्म जयंती पर आयोजित इस आयोजन में सिंदूरी रंग उमड़ा। महिलाएं सिंदूरी रंग की साड़ियां पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुईं।

प्रधानमंत्री मोदी सुबह साढ़े नौ बजे वायुसेना के विमान से रवाना होकर १०.५५ बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचें। जहां से हेलीकाप्टर से ११.२० मिनट पर जंबूरी मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरे। यहां से कार द्वारा लोकमाता देवी अहिल्या महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन स्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम स्थल पर साढ़े बारह बजे तक रहे।


महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के मंच पर प्रधानमंत्री मोदी का होलकर घराने की पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। बैतूल का धातु शिल्प और माहेश्वरी साड़ी का ताना-बाना भी सौंपा गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री का मध्य प्रदेश में पहला दौरा है। इसी आयोजन के साथ प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो, दतिया-सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण और उज्जैन में २९ किमी लंबे घाट का वर्चुअल भूमिपूजन भी किया।

### गोली का जवाब, गोले से दिया जाएगाः पीएम मोदी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- पहलगाम में आतंकियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। यह चुनौती आतंकियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। आजादी के बाद आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा और सबसे सफल ऑपरेशन है सिंदूर। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा में सैकड़ों किमी घुसकर आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है। अब पाकिस्तान का प्रॉक्सी वार नहीं चलेगा। जो आतंकियों को मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक है।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

सबसे पहले मैं मां भारती को, भारत की मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आप सभी के दर्शन पाकर धन्य हो गया हूं। आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की ३००वीं जन्मजयंती है। १४० करोड़ भारतीयों के लिए ये अवसर प्रेरणा का है। राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भगीरथ प्रयासों में अपना योगदान देने का है।



**पहला कालम**

## सुशासन तिहार में मैनपाट क्लस्टर में 454 नवीन राशनकार्ड का हुआ वितरण

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सुशासन तिहार शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लेकर आई है। जिससे आम नागरिकों को उम्मीद और राहत मिल रही है। मैनपाट विकासखंड के नर्मदापुर क्लस्टर में ४५४ नवीन राशनकार्ड का वितरण किया गया है।

ग्राम पंचायत नर्मदापुर की रहने वाली श्रीमती बबली दिव्यांग हैं उनका राशनकार्ड नहीं बना था। जिसकी वजह से उनके परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। उन्होंने अपनी इस समस्या को लेकर सुशासन तिहार में अपने ही ग्राम पंचायत में आवेदन दिया था। जिला प्रशासन ने दिव्यांग बबली की मांग को प्राथमिकता से निराकरण किया और उनका नया राशन कार्ड बन गया। अब उन्हें राशनकार्ड से हर महीने ३५ किलो निःशुल्क राशन मिलेगा है। इसी तरह ग्राम पंचायत नर्मदापुर की श्रीमती लिली ने बताया कि उनका भी राशनकार्ड नहीं था उन्होंने राशनकार्ड की मांग की जिसपर त्वरित निराकरण किया गया। आज उन्हें सुशासन तिहार के समाधान शिविर में राशनकार्ड मिला है। बबली और लिली ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हमारे समस्याओं का निराकरण हो रहा है।

## एसईसीएल मुख्यालय के 5 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी

**बिलासपुर।** को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 5 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने निदेशक (एचआर) श्री बिरंची दास, निदेशक (वित्त) श्री डी सुनील कुमार एवं सीवीओ श्री हिमांशु जैन की उपस्थिति थे।

## युक्तियुक्तकरण,शिक्षक भर्ती में वादाखिलाफी सहित सीजी सेट के परीक्षा परिणाम में देरी को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** युक्तियुक्तकरण, शिक्षकों की भर्ती में वादाखिलाफी, आत्मानंद विद्यालयों में बजट कटौती एवं सीजी सेट के परीक्षा परिणाम में देरी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंपा। आज एनएसयूआई सरगुजा के जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी अंबिकापुर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा की सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत १०४६४ शासकीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय लिया गया है जिससे ३५००० शिक्षकों के पद समाप्ति की ओर है जो शिक्षा के अधिकार २००९ का उल्लंघन किया जा रहा है जबकि भाजपा के विधानसभा चुनाव २०२३ के मोदी की गारंटी के अंतर्गत प्रदेश में ५७००० शिक्षकों की भर्ती का वादा जो अब जुमला रह गया है एक तरफ छात्रों के साथ अत्याचार करने पर उतर गई आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय



स्कूलों बजट से वंचित रखा जा रहा है जिससे विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जा रहे है बिजली विभाग के बिल का नोटिस इन विद्यालयों में दिया जा रहा भुगतान न होनी की स्थिति में विद्युत काटने का नोटिस ये प्रशासनिक आवेदनशीलता है ओर छात्रों के अधिकार का हनन है सीजी सेट के परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुए है परीक्षा लगभग साल भर के करीब होने को है ये सरकार युवाओं के धैर्य के साथ मजाक कर रही है और ये संविधान के अनुच्छेद १६ के तहत समान रोजगार के अवसर का उल्लंघन है एनएसयूआई ने ज्ञापन में मांग किया है युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को स्थगित किया शिक्षक भर्ती को वादा अनुसार शीघ्र प्रारंभ किया जाए, आत्मानंद विद्यालयों में बजट दिया जाए शासकीय विद्यालय में भेजे गए बिजली विभाग के नोटिसों को निरस्त किया जाए,सीजी सेट के परिणाम अविलंब जारी किया जाए ज्ञापन सौंपने वाले में ठ्ठ्यह्वद्ब जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी,ठ्ठ्यह्वद्ब अंबिकापुर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा,नगर अध्यक्ष अतुल यादव,सुशील कसेरा,अनमोल बारी, ईशु शर्मा,विशाल केशरी, प्रियांशु केशरी,आयुष पाण्डेय एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सुशासन तिहार 2025 में हुआ जनसमस्याओं का समाधान

### नर्मदापुर एवं पेटला में आयोजित हुआ समाधान शिविर

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आज मैनपाट विकासखंड के नर्मदापुर एवं सीतापुर के पेटला में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पैकरा, उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री रतनी नाग, बीडीसी श्री मृगेंद्र पैकरा, समस्त सरपंच-पंचगण, वरिष्ठ नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



समाधान शिविर में विधायक श्री रामकुमार टोप्पो ने आवेदनों के निराकृत हितग्राहियों से संवादकर कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल ने जनसमस्याओं के समाधान का मंच दिया, सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित हुआ, जिसमें पहले चरण में आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में विभागवार आवेदनों का निराकरण किया गया और अंतिम चरण में समाधान शिविर के माध्यम से निराकृत आवेदनों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में आई पारदर्शिता विष्णु के सुशासन की पहचान है। मैनपाट के नर्मदापुर क्लस्टर में नर्मदापुर, उरंगा, बरिमा, कुनिया, कलजीवा, असकरा, सरभंजा, परपटिया, लुरैना, पैगा, असगंवा, केसरा, पथरई कुल १३ ग्राम पचांयत शामिल थे, जिसमें कुल १०४६६ मांग के एवं शिकायत के ६६ आवेदन प्राप्त हुए, जिसका शत-प्रतिशत निपटान किया गया। इसी कड़ी में सीतापुर के पेटला क्लस्टर में पेटला, बनेया, बेलगांव, उलकिया, गुतुरमा, लिचिरमा, राधापुर, प्रतापगढ़, चलता, भिठुवा, आरा, हरदीसांड, बंशीपुर, रजौटी कुल १४ ग्राम पंचायत शामिल थे। जिसमें ५०८३ मांग एवं ५६ शिकायत कुल ५१३९ आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें ५१२९ प्रकरणों का निराकरण हुआ शेष लंबित १० आवेदन की नियमानुसार कार्यवाही जारी है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, जनपद पंचायत सीईओ श्री कुबेर सिंह उरेटी, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार जनसमस्याओं के निराकरण का आधार बना है। जहां शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ आम लोगों लाभान्वित भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल से गांव के अंतिम व्यक्ति की मांग और शिकायतों का निराकरण संभव हुआ है। जिसको लेकर हितग्राहियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला है।

## डॉक्टर प्रधान समेत तेईस कर्मी हुए सेवानिवृत,दी गई विदाई

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत तेईस कर्मचारी शनिवार ३१ मई को सेवानिवृत हो विभागीय दायित्व से मुक्त हो गए।सभी रिटायर कर्मियों के सम्मान में यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत कर्मियों का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।रिटायर होने वालों में केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा प्रमुख बिश्रामपुर क्षेत्र के एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बिमलेश्वर प्रधान क्षेत्रीय मुख्यालय के वित्त विभाग के एकाउंटेंट शैलेश चौबे,एरिया हेड क्वार्टर से करमजीत कौर,गायत्री खदान से बाल साय,श्रीत लाल, नाथुराम, भंजन प्रशाद,सुंदर साय, तुलेश्वर रेहर खदान से कालिका प्रसाद,के एस साव,आमगांव खदान से पूरन चंद यादव, कुमदा सब एरिया से इंजोर सिंह,बाबूलाल, चरका,महेंद्र मनी शुक्ला,कैलाश मनोज,ईश्वर प्रशाद,रीजनल वर्क शॉप से अगस्टिन बड़ा,राजनाथ राम,राम



बाई, छाजरास पिस्टोस तिर्की के नाम शामिल हैं।क्षेत्रीय मुख्यालय के सभा कक्ष में आयोजित विदाई समारोह के मुख्य अतिथि स्टॉफ ऑफिसर विद्युत यांत्रिकी विजय प्रसाद थे अन्य अतिथियों में एटक के एरिया जेसी सी सदस्य पंकज गर्ग,स्टॉफ ऑफिसर एच आर आर के पी शिंदे,हरेंद्र तिवारी,नए एएमओ डॉक्टर उमाशंकर बैठा सामग्री प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व रिटायर कर्मी व उनके परिजन उपस्थित थे।मुख्य अतिथि ने सभी रिटायर कर्मियों के सेवाकाल की सराहना कर उनके शेष जीवनकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

एटक के क्षेत्रीय प्रमुख पंकज गर्ग ने सभी रिटायर कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी कंपनी के दायित्व से मुक्त हो जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं इसके लिए सभी को बधाई उन्होंने जीवन की नई पारी के लिए सभी को बधाई दे उनके योगदान को अवस्मरणीय बताया।इस दौरान सभी कर्मियों को शाल, श्रीफल, बुके, मेडिकल कार्ड सौंपा गया।आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

## छत्तीसगढ सरकार तत्काल पेंशनरों की समस्या को दूर करे...राज्य पेंशनर्स महासंघ की हुई बैठक

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ जिला अंबिकापुर की बैठक सियान सदन नमना कला अंबिकापुर में आयोजित किया गया, जिसमें संघ का जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। संघ जिला शाखा अध्यक्ष मानिक चंद ने अपनी कार्यकारिणी घोषित किया जिसमें उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश चंद मेहता, भुवन सिंह अमूले, सचिव एस एन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बी सी अग्रवाल एवं संगठन सचिव भोला शंकर गुप्ता एवं कार्यकारिणी में ग्यारह सदस्यों को मनोनीत किया गया। संघ के बैठक में नव मनोनीत संभागीय अध्यक्ष गुरु चरण सिंह का



पुष्प हार पहना कर संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने स्वागत किया। संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि वे संभाग भ्रमण कर शीघ्र संभागीय कार्यकारिणी घोषित करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी ने बताया एवं प्रदेश सरकार से मांग किया कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम २००० की धारा ४९ (६) को हौआ बना कर पेंशनरों को परेशान कर रही जबकि इसी अवधि में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड एवं बिहार से झारखंड बना लेकिन वहां पेंशनरों को महंगाई राहत भत्ता देने में कोई उन प्रदेशों से कोई सहमति नहीं लेना पड़ता है, इसलिए छत्तीसगढ सरकार तत्काल इस समस्या को दूर करे।बैठक को संघ के प्रदेश संगठन सचिव टी पी सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदीप सोनी, टी पी सिंह, पार्षद शिव मंगल सिंह,गुरु चरण सिंह, मानिक चंद, प्रकाश चंद मेहता, भुवन सिंह, भोला शंकर गुप्ता, एस एन सिंह,बी सी अग्रवाल, एम एल स्वर्णकार,अशोक कुमार ज्योतिषी, जे के सिंह आदि उपस्थित रहे। इस आशय की जानकारी प्रदीप सोनी ने दी।

## सुशासन दिवस समाधान शिविर के अंतिम दिवस सुरेशपुर में विधायक गोमती साय ने की शिरकत

**पत्थलगांव (अम्बिकावाणी समाचार)।** पत्थलगांव ग्रामीण मण्डल के सुरेशपुर में आयोजित सुशासन दिवस समाधान शिविर के अंतिम दिन में विधायक गोमती साय ने सहभागिता कर ग्रामीण जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार जनसमस्याओं के समाधान हेतु सराहनीय प्रयास है छत्तीसगढ़ सरकार ने गांव के अंतिम व्यक्ति



तक शासन की योजनाओं और उनके समाधान के लिए यह योजना लागू की है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि च्जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, और मैं सदैव जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें प्राथमिकता से हल करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर अनिल मित्तल, हरजीत भाटिया,मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष हेमंत बंजारा,प्रदीप गुप्ता,चमर साय, वीरेंद्र सिंह,जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा,उपाध्यक्ष फिलिस्फीना एक्का,सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह,जनपद सदस्य गण,भाजपा कार्यकर्ता गण एवं सम्माननीय जनता की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन योजना, कृषि योजनाएं इत्यादि की जानकारी ग्रामीणों को विस्तार से दी गई। विधायक गोमती साय ने शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, यही उनका संकल्प है।

## नशा नहीं, जीवन अपनाइये...प्राचार्य ने नशा से मुक्ति की दिलाई शपथ

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** नशा नहीं जीवन अपनाइये। क्योंकि आपसे आपका परिवार, समाज जुड़ा है। यह बातें श्री साई बाबा



आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार का तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के प्रत्येक उत्पाद पर चेतावनी के रूप में लिखा होता है, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, फिर भी तम्बाकू का सेवन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप स्वयं, बच्चों और परिवार के लिए तम्बाकू उत्पादों से बचिये। उन्होंने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों का आह्वान किया कि तम्बाकू के सेवन से बचना है और उसके सेवन से बचाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि हमारा शिक्षा परिसर तम्बाकू मुक्त परिसर है। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों को तम्बाकू निषेध की शपथ दिलायी। कार्यक्रम के दौरान कला एवं समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर.एन शर्मा, कम्प्यूटर एंड आईटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक गुप्ता तथा सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजपुर जनपद में देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती और अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर कार्यक्रम हुई आयोजित

**राजपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस एवं देवी अहिल्या बाई होकर की ३००वीं जयन्ती मनाई गई इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अभियंता अनिल तिवारी और जनपद अध्यक्ष विनय भगत के द्वारा नशापान नही करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष ३१ मई को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। धूम्रपान एवं नशा से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें जन सामान्य को धूम्रपान के प्रभावी नियंत्रण के लिए जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के लोगों को धूम्रपान से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवश्य बताएं और स्वयं भी नशे से दूर रहकर अन्य लोगों को भी इससे बाहर निकलने में सहयोग करे। इस कार्यक्रम के दौरान १०



महिलाओं तथा नशा मुक्ति अभियान में कार्य कर रहे १० महिलाओं को उपहार और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष विनय भगत,जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मरावी,उप सरपंच अनिल तिवारी, उदय यादव,मुख्य कार्यपालन अभियंता अनिल तिवारी,पंचायत इंस्पेक्टर फुलमोहन राम,श्यामलाल गुप्ता,शोभना तिर्की व कई ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## किराएदारों से संबंधित जानकारी पुलिस को नहीं उपलब्ध नहीं कराने पर, तीन मकान मालिकों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पत्थलगांव (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध की रोकथाम हेतु ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर जशपुर पुलिस के द्वारा अवैध प्रवासियों व संदिग्ध किरायदारों की जांच हेतु विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व पुलिस के द्वारा, जशपुर, कुनकुरी, पोंगरो, बटईकेला व कोतबा में अभियान चला कर दूसरे राज्यों से आकर रहे संदिग्धों की दस्तावेजों की जांच की गई है व किराएदारों की जानकारी नहीं देने वाले मकान मालिकों पर भी वैधानिक कार्यवाही की गई है।

इसी क्रम में आज दिनांक ३१.०५.२५ को पुलिस के द्वारा पत्थलगांव टाउन मे ,महादेव टिकरा,बिलाई टांगर व शिशु मंदिर के पीछे की बस्ती में ४९ बाहरी व्यक्तियों की पहचान कर उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, जैसे अन्य दस्तावेजों की जांच की गई, दस्तावेजों की सत्यता के संबंध में पुलिस की जांच प्रक्रिया जारी है। इनमें से अधिकांश अप्रवासी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश व झारखंड से आकर किराएदार के रूप में रह रहे थे, जो कि फेरी



लगाने व ठेका मजदुर के रूप में कार्य करते हैं। पुलिस के द्वारा उनके पुलिस के द्वारा सभी बाहरी व्यक्तियों का फिंगरप्रिंट, लेकर डेटाबेस भी तैयार किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य उन बाहरी व्यक्तियों की पहचान करना है जो कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे किराए के मकान में रह रहे हैं, जिनके द्वारा कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है।

पुलिस ने मकान मालिकों से अपील की है कि, नए किरायेदार को मकान देने के पूर्व उनके समस्त जानकारी व पहचान दस्तावेज, पुलिस द्वारा जारी किए गए फार्म में भरकर संबंधित थाने में अवश्य जमा करें, पुलिस के द्वारा किराएदारों का सत्यापन किया जावेगा व निगरानी रखी जावेगी।

यदि मकान मालिक किराएदारों की जानकारी संबंधित थाने में जमा नहीं करता है व किराएदार किसी अपराध में सम्मिलित पाया जाता है तब संबंधित मकान मालिक के विरुद्ध पुलिस के द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने किराएदारों के संबंध में जानकारी थाने में नहीं देने पर, तीन मकान मालिकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है, उनके नाम क्रमशः:- १. हरि पटेल, उम्र ४५ वर्ष निवासी महादेव टिकरा, पत्थलगांव।
२. शौकत मौलाना, उम्र ५० वर्ष, निवासी, बिलाई टांगर, पत्थलगांव।
३. कुमार मिस्त्री, उम्र ५० वर्ष, निवासी शिशु मन्दिर के पीछे, पत्थलगांव।

अवैध प्रवासियों व संदिग्ध व्यक्तियों के जांच के दौरान एसडीओपी पत्थलगांव श्री धुर्वेश कुमार जायसवाल, डीएसपी श्री भावेश समरथ थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक श्री विनीत कुमार पांडे, व थाना पत्थलगांव के पुलिस स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह ने कहा कि मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी जा रही है कि कोई भी अपने यहां किरायदारों को रखते हैं तो पुलिस थाने में आवश्यक रूप से संपर्क करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

# बालको की आरोग्य परियोजना से उभर रहा है एक सशक्त, नशामुक्त समाज





**कोरबा अम्बिकावाणी** - वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत समुदाय में नशे की लत के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य नशे की आदत से होने वाले स्वास्थ्य और सामाजिक दुष्प्रभावों को कम करना तथा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में परिवर्तनकारी प्रयास बन चुका है। अब तक इस पहल के अंतर्गत २० नशा मुक्ति समितियों का गठन किया जा चुका है, जिनकी भागीदारी से ७ गांवों में शराब के उत्पादन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अतिरिक्त गाँव में च्ग्राम नशामुक्ति समितिज् का गठन किया गया जिसमें सार्वजनिक आयोजनों में नशे की हालत में पकड़े जाने पर अर्थदंड का नियम हैं। सामूहिक कर्यक्रम में इसका असर साफ दिखाई दिया, जहाँ लोग शराब से दूरी बना लिए हैं जो समुदाय में अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति चेतना को दशार्ता है। नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, दीवार पर संदेश, पोस्टर, स्लोगन और रैलियों जैसे सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यों के जरिए यह अभियान समुदाय तक पहुंच रहा है। विशेष रूप से स्कूलों में बच्चों को बचपन से ही नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर उन्हें एक सशक्त और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पिछले वर्ष इस अभियान के माध्यम से १,९४१ लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया था। तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नशा मुक्ति समितियों द्वारा जागरूकता रैलियों, संवाद बैठकों और वालंटियर्स के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया, जिससे ४६० से अधिक लोगों को सीधे रूप से प्रभावित किया गया। बालको की आरोग्य परियोजना एक स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ-साथ जनचेतना का प्रतीक बन चुका है जो समाज को जागरूकता, जिम्मेदारी और स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जा रहा है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नशामुक्त, सशक्त और संवेदनशील समाज की नींव रख रही है।

## शिक्षकों की काउंसलिंग में मनमानी का आरोप, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर उठे सवाल

**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले में शासन के निदेर्शानुसार विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष शिक्षकों (प्रधान पाठक/सहायक शिक्षक) का समायोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार, ३१ मई को प्रातः ९ बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम, ट्रांसपोर्ट नगर में शिक्षकों की काउंसलिंग आयोजित की गई। हालांकि, इस प्रक्रिया को लेकर काउंसलिंग में पहुंचे शिक्षकों ने पारदर्शिता के अभाव और मनमानी का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। **सूची बदलने और जानकारी छिपाने के आरोप** - शिक्षकों ने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिशेष शिक्षकों की सूची तो जारी कर दी गई है, लेकिन जिन विद्यालयों में रिक्तियां हैं, उनकी कोई भी स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि पहले जो सूची ऑनलाइन अपलोड की गई थी, उसे आधी रात में बदल दिया गया। नई सूची में कुछ नाम हटा दिए गए, जबकि कुछ अन्य नाम जोड़े गए हैं, जिससे शिक्षकों में भेदभाव और पक्षपात की भावना उत्पन्न हो गई है। **शिक्षक संगठन भी आए विरोध में आगे** - युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गड़बड़ी के विरोध में शिक्षक संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया मनमानी तरीके से चलाई जा रही है, जिससे शिक्षकों में असंतोष और भ्रम की स्थिति है। शिक्षकों ने यह भी याद दिलाया कि पूर्व में सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के समय भी व्यापक गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिसके कारण मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा था। अब एक बार फिर उसी तरह की स्थिति उत्पन्न हो रही है। **शिक्षकों की मांगः प्रक्रिया में पारदर्शिता हो सुनिश्चित** - शिक्षकों ने मांग की है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए तथा रिक्त विद्यालयों की स्पष्ट जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि सूची में की गई फेरबदल की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। **निष्कर्षत** - कोरबा जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर उठे सवालों ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है। यदि समय रहते इन शिकायतों का समाधान नहीं किया गया, तो यह मामला और अधिक विवादास्पद रूप ले सकता है।

## सांई प्रसाद प्रापर्टीज कंपनी का डायरेक्टर पुणे से गिरफ्तार



**रायपुर।** लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर छह साल से फरार चले रहे सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी का डायरेक्टर शैलेष अमृत भोईर को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके खिलाफ न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 420, 34 भादवि., 6, 10 छ.ग. के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधि0 2005, 3, 4, 5, 6 द प्राईज चिट्स एंड मनी सकुर्लेशन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम का प्रकरण दर्ज था। न्यू राजेन्द्र नगर स्थित अशोका मिलेनियम स्थित सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर, वंदना भापकर, शशांक भापकर, शैलेष अमृत भोईर एवं ने प संतोष कुमार साहू अन्य आवेदकों को अपनी चिटफण्ड कम्पनी में निवेश करने हेतु विभिन्न तरह से लोक लुभावन स्कीम बता कर राशि जमा करने पर अधिक ब्याज देने व साढ़े छ वर्ष में दोगुना लाभ देने का प्रलोभन दिया था। इस पर प्रार्थी तथा अन्य आवेदकों के लाखों रुपए कम्पनी में निवेश कराकर निवेशको से छलकपट धोखाधड़ी कर राशि लेकर कम्पनी के डायरेक्टर एवं अन्य कर्मचारी फरार हो गये थे। पूर्व में उपरोक्त चिटफण्ड कम्पनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर, वंदना भापकर, शशांक भापकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में संलिप्त कम्पनी के अन्य डायरेक्टर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। इसी दौरान शैलेष अमृत भोईर की उपस्थिति पुणे महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। वहां भेजी गई टीम ने शैलेष को पकड़ा।

# कनकी ग्राम में रसेल वाइपर का सफल रेस्क्यू, विज्ञान और जागरूकता से टला बड़ा हादसा

**कोरबा अम्बिकावाणी** - कोरबा वनमंडल अंतर्गत कनकी ग्राम में शुक्रवार रात्रि करीब १० बजे एक अत्यंत विषैला साँप रसेल वाइपर देखे जाने पर ग्रामवासियों ने सतर्कता दिखाते हुए वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही एक त्वरित और समन्वित रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया, जिसे उप वनमंडलाधिकारी आशिष खेलवार के निर्देशन में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के वरिष्ठ रेस्क्यूअर जितेन्द्र सारथी एवं राजू बर्मन ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित किया, फिर सभी वैज्ञानिक रेस्क्यू प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए साँप को सुरक्षित रूप से पकड़ा और वन क्षेत्र में छोड़ दिया। इस पूरे अभियान में किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति को क्षति नहीं हुई, जो टीम की कुशलता और सजगता को दशार्ता है।

**भारत के चार सबसे विषैले साँपों में शामिल है रसेल वाइपर**

रसेल वाइपर को भारत के विषैले साँपों में गिना जाता है। इसका विष हैमोटॉक्सिक होता है, जो रक्त कोशिकाओं को नष्ट कर रक्तस्त्राव, ऊतक सड़न और कभी-कभी मृत्यु तक का कारण बन सकता है। हालांकि, भारत में इसके विष के लिए पॉलीवेलेंट एंटी वेनम उपलब्ध है, जिससे समय रहते इलाज संभव है। यह साँप खेतों, झाड़ियों और ग्रामीण बस्तियों के पास सक्रिय रहता है।

त्रिकोणीय सिर और गोल धब्बों के कारण होता है भ्रम- इस साँप की पहचान इसके भूरे शरीर पर बने गोल काले धब्बों और त्रिकोणाकार सिर से होती है। यही कारण है कि लोग अक्सर इसे अजगर समझने की भूल कर बैठते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह साँप अत्यधिक गुस्सैल होता है और खतरा महसूस होने पर प्रेशर कुकर जैसी तेज सीटी की आवाज निकालता है। इसके दंश से प्रभावित स्थान पर सूजन, आंखों से रक्तस्त्राव, नाक व जीभ के नीचे दर्द जैसी गंभीर प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं।

**ग्रामवासियों को दी गई जानकारी, घटा रहा साँपों का डर** - रेस्क्यू के पश्चात जितेन्द्र सारथी ने ग्रामवासियों को साँपों की पहचान, व्यवहार, बचाव के तरीके और उनके पारिस्थितिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रसेल वाइपर जैसे साँप खेतों में चूहों की संख्या नियंत्रित कर कृषि जैव संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे कीटनाशकों की आवश्यकता कम होती है। यह जानकारी ग्रामीणों के लिए नई व उपयोगी रही।

**वन विभाग ने दिया सह-अस्तित्व का संदेश**

इस अवसर पर वन विभाग ने भी जागरूकता फैलाते हुए कहा कि साँपों या अन्य वन्यजीवों से डरने की बजाय उन्हें समझना और सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करना अधिक महत्वपूर्ण है। एसडीओ आशिष खेलवार ने कहा, वन्यजीवों से सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। यह रेस्क्यू केवल एक जान बचाने की घटना नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ तालमेल की दिशा में एक प्रेरक कदम है।

**प्रकृति और समाज के बीच तालमेल की मिसाल**

कनकी ग्राम की यह घटना केवल एक साँप के सफल रेस्क्यू की कहानी नहीं, बल्कि विज्ञान, जागरूकता और प्रशासनिक सजगता की मिसाल है। यह घटना यह सिद्ध करती है कि जब इंसान और प्रकृति के बीच संवाद, सम्मान और समझदारी होती है, तब संघर्ष की बजाय सह-अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त होता है। रसेल वाइपर का यह सुरक्षित रेस्क्यू वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## आमगांव ओसीएम में पलटा पांटून, दो मजदूरों ने मौत को दी मात



**बिश्रामपुर** - एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव ओपनकास्ट खदान में गत दिनों एक ऐसा हादसा हुआ जिसने प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। गौरतलब है कि आमगांव ओपनकास्ट खदान के आठ नंबर पंप को २९ मई गुरुवार की दोपहर लगभग १.३० से २ बजे के बीच खदान में कार्यरत दो ठेका मजदूर पैंटून को खोल रहे थे, तभी वह असंतुलित होकर पानी में पलट गया। पैंटून पर कार्य कर रहे दो ठेका मजदूरों ने सूझबूझ से कार्य करते हुए पास के ६ नंबर पैंटून में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। यह महज किस्मत और मजदूरों की सतर्कता थी, जो इस हादसे ने किसी की जान नहीं ली, वरना लापरवाही ने तो कोई कसर नहीं छोड़ी थी। सूत्रों की मानें तो सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पखवाड़े भर पहले से ही खदान प्रबंधन को पैंटून की खराब स्थिति और सुरक्षा जोखिम की रिपोर्ट दी जा रही थी। कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन हमेशा की तरह चेतावनी को नजर अंदाज कर दिया गया। मजदूरों ने बार-बार पैंटून की जर्जर स्थिति, ढीली फिटिंग और असंतुलन की शिकायतें की थीं, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजदूरों ने आरोप लगाया कि उन्हें न तो पर्याप्त सुरक्षा उपकरण दिए गए हैं और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। उनका कहना है हम रोज अपने जीवन को दांव पर लगाकर खदान में रहते हैं, लेकिन प्रबंधन के लिए हमारी जान महज एक नंबर या ठेके की शर्त है। मजदूरों का आरोप यह भी है कि मामले में सेप्टी व सुपरविजन करने वालों का भी बड़ा लापरवाही है।आमगांव ओपनकास्ट की यह घटना सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक खतरनाक संकेत है कि अगर अब भी लापरवाही की चादर नहीं हटाई गई, तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और भयावह हो सकती हैं। आमगांव ओपनकास्ट खदान के मैनेजर गणेश प्रजापति ने चर्चा के दौरान पूरे मामले से किनारा करते हुए घटना को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना से किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि खदान में सभी सुरक्षागत दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर नियमानुसार ही कार्य को संपादित कराया जाता है।

## कोयला चोरों का सरगना समेत चार गिरफ्तार, ढाई लाख का अवैध कोयला जप्त

### एसपी के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम की कार्यवाही

**बिश्रामपुर** - एसपी सूरजपुर के निर्देश पर बिश्रामपुर व कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम ने विगत चार पांच वर्षों से ईंट भट्ठे की आड़ मे बिश्रामपुर क्षेत्र के खदानों से चुराए गए कोयले की खरीद बिक्री कर रहे नामचीन कोयला चोर करंजी ग्राम निवासी आदर्श जायसवाल ३८ वर्ष व कोयला चोरी के इस कार्य में उसका सहयोग करने वाले तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ढाई लाख रु कीमत का पचपन टन कोयला,दो हाइवा वाहन,एक जेसीबी मशीन एक किया कंपनी की कार एक मोटर सायकल जप्त करने में बड़ी सफलता अर्जित की है।पकड़े गए सभी आरोपियों को आज पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर न्यायालय पेश कर दिया है।

बता दे कि एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर, गायत्री खदान के समीप मानी ग्राम के लाइन पारा मोहल्ले में करंजी निवासी कोयला चोर आदर्श जायसवाल विगत चार पांच वर्षों से स्थानीय ग्रामीणों को आगे कर बड़े पैमाने पर खदानो से कोयला चोरी करा अपने ईंट भट्ठे में चोरी का कोयला खपाता रहा, लाइन पारा के अतिरिक्त खरसुरा में भी आदर्श जायसवाल ने ईंट भट्ठा खोला हुआ है।बताया जाता है कि खरसुरा से खदान की दूरी अधिक होने उसने कोयला का अवैध करोबार करने मानी गांव में लीज में जमीन लेकर ईंट भट्ठा खोला हुआ है।खदान से नजदीक होने से उसे यहां चोरी का कोयला ग्रामीणों से कौड़ियों के भाव मिल जाता है । यहां दो रु किलो के भाव से कोयला खरीद अपने दोनों भट्ठों के अतिरिक्त ट्रकों में लोड कर सरगुजा जिले के कोल डिपो तक कोयला भेजता है।बताया यह भी जाता है कि वह लोकल थानों के चुनिंदा तेज तर्रार पुलिस वालों के सेटिंग के दम पर यह कार्य लंबे समय से कर रहा था। अंबिकवानी में रेहर गायत्री खदान से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी की खबरें लगातार प्रकाशन के बाद एसपी प्रशांत ठाकुर ने जब खुद इस बात की मॉनिटरिंग शुरू की और बीती रात मुखबिर की पुख्ता सूचना पर बिश्रामपुर और कोतवाली टीआई को कार्यवाही के निर्देश दिए तब बड़े स्तर पर कोयला तस्करी का मामला सामने आ गया।एसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान खदान से चुरा संग्रहित किए गए कोयला को जेसीबी के माध्यम से ट्रक में लोड करा ट्रकों को मानी पेट्रोल पंप के पास खड़ा करा उसे पार कराने के फिराक में लगे तभी पुलिस ने दोनों वाहनों की जांच की और संबंधित वाहन चालकों से पूछताछ किया।पुलिस ने बताया कि आदर्श जायसवाल खुद अपनी कार से व उसका कर्मचारी ईश्वर सिंह ट्रकों की निगरानी मोटर सायकल से आवाजाही कर कर रहा था।इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंच ट्रकों में लोड कोयला से सम्बंधित दस्तावेजों की जांच किया तो कोई कागजात नहीं मिले जिसके बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया चोरी का कोयला होने से पचपन टन कोयला ट्रक समेत जप्त कर थाने खड़ी कराया है।पुलिस ने आरोपी सरगना आदर्श जायसवाल पिता विजय जायसवाल ३८ वर्ष करंजी,ईश्वर सिंह पिता ज्ञानी सिंह २२ वर्ष निवासी राजापुर थाना रामानुजनगर,रामचंद्र यादव पिता पंचू राम यादव अठारह वर्ष चार माह निवासी तेलईकछार थाना जयनगर, रमेंद्र कुमार यादव पिता रामप्रसाद यादव २३ निवासी केनापारा चौकी करंजी को बीएनएस की धारा ३३१(४),३०५(ई ), एवं खान और खनिज विनिमय एवं विकास अधिनियम १९५७ की धारा २१(१) के तहत केस दर्ज कर आज न्यायालय पेश कर दिया है।

**शातिर है सरगना,अब आया पकड़ में**

बता दें कि कोयला चोरी का मास्टर माइंड आदर्श जायसवाल काफी शातिर किस्म का कोयला तस्कर है यही उसका मुख्य कारोबार है।दो वर्ष पूर्व उसे चार वाहनों ट्रेक्टर और मिनी ट्रक में ईंट की आड़ में कोयला तस्करी करते बिश्रामपुर पुलिस ने रंगे हांथ पकड़ हिरासत में लिया था लेकिन राजनीति दबाव वस पुलिस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर पाई थी और उसे जप्त कोयला को छोड़ना पड़ा था।गत २५ नवंबर को भी लाइन पारा मानी में एसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने दो सौ टन चोरी का कोयला पकड़ा था लेकिन थाना स्तर पर सेटिंग से केवल ५९ टन कोयला ही पुलिस जप्त की थी जो आज भी बिश्रामपुर थाने में जप्त है।कम कोयला जप्त करने मामले में तब पुलिस पर कोयला चोर से साठगांठ के आरोप लगे थे और पुलिस की खासी किरकिरी हुई थी। अब मुख्य कोयला तस्कर के पकड़े जाने से इस कारोबार में काफी हद तक अंकुश लगने की संभावना है।

## विधायक रामकुमार टोप्पो ने किया अमर शहीद बलराम तिग्गा के शहीद स्मारक का अनावरण


**सीतापुर** - विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैनपाट ब्लॉक के रोपाखार कमलेश्वरपुर के चौक में अमर शहीद बलराम तिग्गा के शहीद स्मारक का अनावरण विधायक रामकुमार टोप्पो एवं सरगुजा पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। अमर शहीद बलराम तिग्गा मूलतः सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कतकालों ,मैनपाट के निवासी थे, तथा वे भारतीय सेना में रह कर देश की सेवा कर रहे थे।सन २०१० में,जम्मू कश्मीर राज्य के, आतंकवाद ग्रस्त जिला बारामूला के पठान मार्केट एरिया में ड्यूटी पर थे।इसी दौरान अपने एक और साथी के साथ आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हो वीर गति को प्राप्त हो गये। उनके इस बलिदान ने सीतापुर क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया, और आज १४ साल बाद मैनपाट के रोपाखार कमलेश्वरपुर में उनके शहीद स्मारक का अनावरण कर उनको सम्मान दिया गया। इस अवसर पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि मैने भी सेना में रह कर देश की सेवा की है,सेना का जीवन हमेसा देश के लिए समर्पित रहता है,आगे उन्होंने कहा कि आज मैं काफी गर्व महसूस कर रहा हूं, कि हमारी इस क्षेत्र की मिट्टी ने भी एक शेर को जन्म दिया था।जिसने देश सेवा में अपना बलिदान देकर ,हम सभी को गौरवान्वित किया। यह शहीद स्मारक वाला चौक आज से बलराम चौक के नाम से जाना जाएगा। साथ ही इस जगह को और बेहतर रूप से विकसित किया जाएगा । इस अवसर पर शहीद के परिजनों ने कहा कि देर से ही सही पर जो सम्मान उन्हें मिला, उससे आज हमारा पूरा परिवार गौरवान्वित हैं।

## टैलेंट हंट अकादमी द्वारा अयप्पा ग्राउंड में ट्रेनी बच्चों का ड्यूस बाल से प्रैक्टिस मैच कराया आयोजित



**बिश्रामपुर** - सूरजपुर जिला ड्यूस बाल क्रिकेट एसोसिएशन के मार्गदर्शन में टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के जूनियर वर्ग ७ से १५ वर्ष तक के खिलाडियों का स्नेह मिलन ग्राउंड में टर्फ विकेट पर २५- २५ ओवर का प्रैक्टिस मैच खिलाया गया। यहाँ पर जूनियर वर्ग टैलेंट हंट रेड की टीम निर्धारित २५ ओवर में १२५ रन बना पाई। जवाबी पारी में टैलेंट हैंड ब्लू लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र ८८ रन बनाकर ऑल आउट हो गई।मैच में सभी खिलाड़ियों ने अपना भरपूर योगदान दिया। निहाल को बेस्ट बैट्समैन, वीर जायसवाल को बेस्ट बॉलर, प्रिंस गौर को बेस्ट फील्डर का अवार्ड दिया गया। अकादमी के छोटे खिलाड़ी कान्हा मिश्रा, विराट विभव,रामकृष्ण तिवारी एवं छोटे अर्पित तिवारी आदि ने अपने बल्लेबाजी व फील्डिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अतिथियों ने भी छोटे-छोटे खिलाड़ियों का ताली बजाकर अभिवादन किया। मैच को संपन्न कराने में सीनियर खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा।इस दौरान जिला सूरजपुर ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी राजेश जैन, युपी केसरी,अमित मित्तल, रवि, वरुण राज, धीरेंद्र कुशवाहा, हिमांशु राजवाड़े, अमन सिंह, दीपक भारती आदित्य, अर्जुन राजवाड़े सक्रिय रहे।

**क्षेत्र के दो खिलाडियों का सीसीपीएल में हूआ चयन** : बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीसीपीएल टूनामेंट, जो शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम रायपुर में खेला जाना है, इसमें क्षेत्र के सौम्य केसरी का चयन रायगढ़ लाइंस एवं रोहित यादव का चयन सरगुजा टाइगर टीम में तेज गेंदबाज के रूप में हुआ है।इस अवसर पर टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर हर्ष व्यक्त किया है।



# 'रामायण' के लिए नॉरिस से स्टंट सीख रहे यश, 'लंकापति रावण' के किरदार में आएंगे नजर

अभिनेता यश जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' में लंकापति रावण की भूमिका में नजर आएंगे। ताजा जानकारी के अनुसार, वह रावण के किरदार के लिए 'मैड मैक्स' फेम मास्टर नॉरिस से स्टंट सीख रहे हैं। वैरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यश ने 'रामायण' के लिए शूटिंग इसी साल शुरू की है। प्रोजेक्ट में 'फ्युरियोसा- ए मैड मैक्स सागा', 'मैड मैक्स- फ्यूरी रोड' और 'द सुसाइड स्क्वाड' के स्टंट निर्देशक गाय नॉरिस को शामिल किया गया है। वह फिल्म के एक्शन दृश्यों को कोरियोग्राफ करेंगे। नॉरिस वर्तमान में भारत में हैं और यश के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं, टीम ऐसे सेट को तैयार करने में जुटी हुई है, जो भव्य हो। 'रामायण' की कहानी पर नजर डालें तो यह भगवान श्री राम के 14 साल के वनवास पर आधारित है, जिसके दौरान लंकापति रावण उनकी पत्नी सीता का अपहरण कर लेता है, जिसके बाद युद्ध होता है। इस फिल्म में युद्ध के दृश्यों को बड़े पैमाने पर फिल्माया जा रहा है। एक्शन कोरियोग्राफी जबरदस्त है। इन दृश्यों में ग्रीन स्क्रीन तकनीक और वीएफएक्स का भी बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया गया है। दो भागों में बन रही इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं।

रामायण में भगवान राम की भूमिका रणबीर कपूर निभा रहे हैं, जबकि साई पल्वी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। रणबीर और साई पल्वी पहले ही मुंबई में अपने हिस्से की शूटिंग कर चुके हैं। यश इस फिल्म में खास परिधानों में नजर आएंगे, जिन्हें हरप्रीत और रिम्पल ने डिजाइन किया है। खास बात यह है कि उनके कपड़े असली सोने की जरी से बनाए गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण का राज्य लंका सोने का नगर माना जाता था, इसलिए फिल्म में उनके परिधानों को भी उसी हिसाब से तैयार किया गया है। 'रामायण' को दो भागों में बनाया जा रहा है। पहला भाग दीपावली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग दीपावली 2027 में आएगा। रामायण में यश, रणबीर कपूर, साई पल्वी के साथ लारा दत्ता, सनी देओल और इंदिरा कृष्णा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रहीं हैं तारा सुतारिया?

बॉलीवुड में इन दिनों एक नए कपल के बनने की खबरें जोरों-शोरों से चल रही हैं। हाल ही में खबर आई है कि एक्टर वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनका रिश्ता अभी शुरुआती दौर में है।

## एक दूसरे को डेट कर रहे तारा और वीर?

बॉलीवुड गलियारों में इन दोनों की डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों कुछ महीने पहले ही डेटिंग शुरू कर चुके हैं और एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर दोनों को एक साथ देखा गया था, जिससे उनके बीच के कनेक्शन को लेकर कयास लगने शुरू हो गए।

## सारा को भी डेट कर चुके हैं वीर


वीर पहाड़िया की पिछले रिलेशनशिप की बात करें तो वो पहले सारा अली खान के साथ रिश्ते में थे, जो फिल्म स्काई फोर्स में उनकी को-स्टार भी थीं। इसके बाद खबरें आईं कि उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को भी डेट किया था। इन दोनों के मुंबई के अंबानी वेडिंग में साथ दिखने से अफवाहें और तेज हो गई थीं।

आदर जैन के साथ रिलेशनशिप में थीं तारा वहीं, तारा सुतारिया ने करीना कपूर खान के कजिन ब्रदर आदर जैन को लंबे समय तक डेट किया है। आदर जैन ने फरवरी 2025 में तारा की करीबी दोस्त रहीं आलेखा आडवाणी से शादी कर ली है। इसके बाद तारा के अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग के भी चर्चे रहे, लेकिन उन्होंने इसे महज दोस्ती बताया और अफवाहों का खंडन किया।

## वीर पहाड़िया ने की बात

'जूम' के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में वीर ने मीडिया में चल रही अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें इन बातों से बहुत फर्क पड़ता था, खासकर जब उनके परिवार के निजी मामलों को लेकर खबरें छपती थीं। लेकिन अब वो इन बातों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते। वो समझते हैं कि यह पब्लिक लाइफ का हिस्सा है और अब वो इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते।





# करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर संग पहली बार बनी टाइगर श्रॉफ की जोड़ी

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है। एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी खूब होगा।

## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इन दिनों टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बागी 4' में व्यस्त हैं और जान्हवी कपूर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में व्यस्त हैं। दोनों जब इन फिल्मों से फ्री हो जाएंगे तो ही फिल्म 'लग जा लगे' की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है।

## टाइटल को कैसे चुना गया

जान्हवी कपूर की फिल्म 'लग जा गले' का टाइटल लंबे डिस्कशन के बाद तय किया गया। आखिर में 'लग जा गले' टाइटल फाइनल हुआ क्योंकि यह फिल्म की कहानी पर फिट बैठता है। यह फिल्म अगले साल यानी 2026 में रिलीज हो सकती है।

## इन फिल्मों में भी जान्हवी आएंगी नजर

जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेद्दी' में भी जाह्नवी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।



# तलाक के बाद पूरी तरह से बदल गई धनश्री की जिंदगी

कोरियोग्राफर, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है।

## मैं हमेशा से मेहनती रही हूं

हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं।

## मैंने ओर लोगों को मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया है

अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है। यह कुछ नया सीखने और खुद को मजबूत बनाने का वक्त रहा। मुझे मेरे बारे में किसी भी गलत धारणा पर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि इससे केवल और अधिक अटकलें ही लगती हैं। मुझे लगता है कि प्यार जीवन का सबसे खूबसूरत पहलू है।

## 2020 में युजवेंद्र चहल से की थी शादी

धनश्री वर्मा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से शादी की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आने लगी थीं। इसके बाद इसी साल मार्च में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों के रास्ते पूरी तरह से अलग हैं।





# अभिषेक बच्चन के लिए हाउसफुल-5 क्यों है एक बड़ा हाउसफुल

**बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन इन दिनों अपने करियर के एक नए और सफल मुकाम पर हैं। उनकी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर जो उत्साह दिख रहा है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जब चार्म, टैलेंट और कंसिस्टेंसी एक साथ आती है, तो वे कभी भी ट्रेंड से बाहर नहीं होती।**

अभिषेक बच्चन की हालिया सफलताएँ और उनका बदला हुआ पब्लिक अवतार इस बात की गवाही देते हैं कि यह उनके लिए वास्तव में एक हाउसफुल दौर है। पिछले कुछ वर्षों में अभिषेक बच्चन ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दी गई ब्लॉकबस्टर हिट्स के ज़रिए खुद को एक गंभीर और बहुमुखी अभिनेता के रूप में स्थापित किया है। युवा में उनके इंटेंस किरदार से लेकर मनमर्ज़ियां और लूडो में उनकी सधी हुई एक्टिंग, बॉब बिस्वास में उनका चौंकाने वाला ट्रांसफॉर्मेशन, या फिर घूमर में उनका दमदार और भावुक रोल अभिषेक ने हर बार दर्शकों और समीक्षकों को प्रभावित किया है। ओटीटी पर भी उनकी सफलता का ग्राफ लगातार चढ़ा है। दसवीं में उनके प्रदर्शन को न सिर्फ शानदार रिव्यूज मिले, बल्कि यह नेटफ्लिक्स पर नंबर वन ट्रेंड भी कर रही थी। हाल ही में बी हैप्पी ने भी अमेजन प्राइम वीडियो पर टॉप स्पॉट हासिल किया। वहीं, आई वांट टू टॉक में उनके काम ने एक और उपलब्धि उनके नाम की, आलोचकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली और कई अवॉर्ड्स भी उन्हें मिले। यह ओटीटी पर उनकी मजबूत पकड़ और कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिर्फ़ उनकी एक्टिंग ही नहीं, बल्कि खुद अभिषेक बच्चन भी आजकल खूब सुर्ख़ियों में हैं। हाल की उनकी पब्लिक अपीयरेंसेज़ ने फैंस और इंटरनेट को चौंका दिया है। हमेशा से अपने चार्म और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले अभिषेक अब एक नए दौर की एफर्टलेस हॉटनेस के पोस्टर बॉय बनते नज़र आ रहे हैं। फिर चाहे वो किसी ट्रेलर लॉन्च पर हो या आम जनता के बीच, ओजी ब्लफ़मास्टर ऐसे लुक पेश कर रहे हैं जो एक-एक फ्रेम में इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। उनका आत्मविश्वास, स्टाइल और स्वैगर अब उनके अभिनय के साथ-साथ उनके सार्वजनिक व्यक्तित्व का भी एक अभिन्न अंग बन गया है। कुल मिलाकर, प्रतिभा से लेकर स्वैगर तक - यह अभिषेक बच्चन के लिए आधिकारिक तौर पर हाउसफुल है। हाउसफुल 5 में उनकी एंट्री उनके करियर के इस सफल दौर को और गति देगी, जहाँ वे एक बार फिर बड़े परदे पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# इस महीने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे दिलजीत दोसांझ

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' के दूसरे पार्ट की मेकिंग इन दिनों जारी है। इस फिल्म में सनी देओल तो लीड रोल में नजर आएंगे। साथ ही वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग दिलजीत दोसांझ बाकी को-एक्टर्स के साथ शुरू करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दिलजीत दोसांझ 10 जून से फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म में वह सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। सनी देओल अपने किरदार की काफी हद तक शूटिंग पूरी कर चुके हैं। दिलजीत अब जून में सनी के साथ शूटिंग करेंगे और जुलाई में वरुण धवन के साथ शूटिंग करेंगे। फिल्म 'बॉर्डर 2' की कहानी की जहां तक बात है तो यह इस बार 1971 के वॉर पर आधारित होगी। भारतीय सैनिकों और सैन्य अधिकारों ने इस युद्ध में जिस शौर्य का परिचय दिया था, वही सब इस फिल्म में दिखाया जाएगा। 'बॉर्डर' फिल्म की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है तो इस बात का फायदा नई फिल्म को भी मिलेगा। दिलजीत दोसांझ फिल्म 'बॉर्डर 2' में निर्मल जीत सिंह सेखो का किरदार निभा रहे हैं, वह इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे और 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं।





# रोमांचक करियर चुनना चाहते हैं, तो चुने फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का क्षेत्र

**गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, मानवीय भूलों से भी ऐसी घटनाएं बड़े हादसे के रूप में सामने आती हैं। ऐसी घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने और राहत पहुंचाने में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के एक्सपर्ट काफी मददगार होते हैं। अगर आप सोशल सर्विस से जुड़े किसी रोमांचक करियर को चुनना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतर हो सकता है।**

फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट में ट्रेंड मैनपावर की मांग न सिर्फ सरकारी विभागों में, बल्कि निजी क्षेत्र में भी बढ़ रही है। गर्मियों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, मानवीय भूलों से भी ऐसी घटनाएं बड़े हादसे के रूप में सामने आती हैं। ऐसी घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने और राहत पहुंचाने में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के एक्सपर्ट काफी मददगार होते हैं। अगर आप सोशल सर्विस से जुड़े किसी रोमांचक करियर को चुनना चाहते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतर हो सकता है। फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट में ट्रेंड मैनपावर की मांग न सिर्फ सरकारी विभागों में, बल्कि निजी क्षेत्र में भी बढ़ रही है।

## जरूरत मैनपावर की

देश भर में फायर सर्विसेज में मैनपावर की करीब 92 प्रतिशत कमी है। नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स एंड सिविल डिफेंस (एनडीआरएफ एंड सीडी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा करीब 96.28 प्रतिशत फायरमैन की शॉर्टेज है। शहरों की फायर सर्विसेज में भी करीब 78 प्रतिशत मैनपावर की कमी है। फायर स्टेशंस की भी कमी करीब 72 प्रतिशत तक है। खुद केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, देश में आबादी के लिहाज से करीब 8,500 फायर स्टेशंस चाहिए, जबकि इनकी संख्या अभी सिर्फ 2,900 के आसपास है। यही कारण है कि आने वाले वर्षों में सिर्फ प्राइवेट ही नहीं, सरकारी फायर विभागों में भी जॉब के ढेर सारे अवसर पैदा होंगे।

## जॉब के अवसर

फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट के जानकारों की जरूरत सिर्फ देश में ही नहीं, विदेश में भी बहुत है, खास तौर पर तेल उत्पादक खाड़ी देशों में। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के डॉ अमन अग्रवाल के अनुसार, फायर एंड सेफ्टी के प्रोफेशनल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनीज, हैवी इंजीनियरिंग इंडस्ट्री, रिफाइनरीज, पेट्रोकेमिकल्स कंपनीज, प्लास्टिक कंपनीज, फर्टिलाइजर फैक्टरीज, टेक्सटाइल मिल्स, एलपीजी/ एलएनजी बॉटलिंग प्लांट्स, एयरपोर्ट्स, पोर्ट्स, पावर प्लांट्स, केमिकल कंपनीज, कंस्ट्रक्शन सेक्टर जैसे क्षेत्रों में जॉब पा सकते हैं। ट्रेंड युवा सेफ्टी इंजीनियर, सेफ्टी ऑफिसर, सेफ्टी सुपरवाइजर, सेफ्टी इंस्पेक्टर, सेफ्टी ऑडिटर, फायर प्रोटेक्शन डिजाइन इंजीनियर, फायर प्रोटेक्शन एस्टीमेशन इंजीनियर, फायर अलार्म टेक्निशियन जैसे पदों पर करियर बना सकते हैं। फायर स्टेशंस में आप फायरमैन, स्टेशन ऑफिसर या चीफ फायर ऑफिसर आदि बन सकते हैं।

## कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकरा के अनुसार, देश के कई संस्थानों में फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट से जुड़े डिग्री, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेज संचालित हो रहे हैं। 10वीं पास युवा सर्टिफिकेट कोर्स के जरिए इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। अगर आप किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास हैं, तो अंडरग्रेजुएट या डिप्लोमा कोर्स करके फायर ऑफिसर बन सकते हैं। आजकल तमाम संस्थान फायर इंजीनियरिंग में भी कोर्स ऑफर कर रहे हैं।

## खुद का व्यवसाय भी

फायर सर्विस, दिल्ली के डायरेक्टर डॉ जीसी मिश्रा बताते हैं, अभी तक लोग सिर्फ नागपुर फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट से ही पढ़ाई करके इस फील्ड में आते रहे हैं मगर अब अन्य स्थानों पर भी प्रशिक्षण की सुविधा है। चुनौतियों को पसंद करने वाले युवा फायर सर्विसेज से जुड़ सकते हैं। सरकारी व निजी दोनों क्षेत्रों में अवसर हैं। बिल्डिंग फायर मटेरियल इंस्टॉलेशन, फायर सेफ्टी ऑडिटर के रूप में खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं।



# एडवेंचर से भरी लाइफ जीना चाहते हैं तो भारतीय नौसेना में भर्ती हों

**नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है, जो समुद्र की सुरक्षा पर केंद्रित है। अगर आप एक एडवेंचर से भरी लाइफ जीना चाहते हैं और देश की सेवा करना चाहते हैं, तो भारतीय नौसेना में भर्ती हो जाइए। इस आर्टिकल में हमने नौसेना में भर्ती होने के कई विकल्पों के बारे में जानकारी दी है।**

भारतीय नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करती है। इसके साथ ही यह अन्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाने का भी काम करती है। यह एक सुरक्षित समुद्री वातावरण बनाने के लिए शिक्षा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, चिकित्सा जैसे कई डोमेन में कैरियर के विभिन्न अवसर प्रदान करती है। यदि आप भी नौसेना में नौकरी पाना चाहते हैं, तो आपके पास बहुत सारे अवसर हैं। आप अपनी शिक्षा और इंटरेस्ट के हिसाब से इनमें से एक चुन सकते हैं। इस आर्टिकल में, हम आपको कुछ ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं।

## भारतीय नौसेना अग्निवीर

अग्निवीर के रूप में आप एक हाई-टेक ऑर्गेनाइजेशन का हिस्सा बनेंगे। आपको एयरक्राफ्ट कैरियर, गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट्स और अत्यधिक तकनीकी और आकर्षक पनडुब्बियों और विमानों जैसे शक्तिशाली, आधुनिक जहाजों में सेवा करने को मिलेगा। अग्निवीर उम्मीदवारों की आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। नौसेना में अग्निवीर बनने के लिए आपको गणित और फिजिक्स के साथ 12वीं में कम से कम 50% मार्क्स के साथ पास होना चाहिए। इसके लिए 12वीं का एग्जाम दे रहे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे।

## नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा

इस भर्ती को UPSC के साथ मिलकर आयोजित किया जाता है। उम्मीदवारों की आयु 16.5 से 19.5 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवारों ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं की शिक्षा पूरी की हो। इसमें UPSC द्वारा एक लिखित परीक्षा का आयोजन होता है। उसमें पास होने वाले छात्र आगे इंटरव्यू के लिए जाते हैं। इसके बाद भारतीय नौसेना द्वारा एक मेडिकल परीक्षण करने के बाद UPSC एक अंतिम मेरिट लिस्ट बनाती है। NDA नौसेना के लिए IHQ MoD (सेना)/ADG (भर्ती) नियुक्ति करती है और नौसेना अकादमी के लिए IHQ MoD/DMPR द्वारा नियुक्ति की जाती है।

## कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन

कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन (CDS) परीक्षा भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों की भर्ती के लिए यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की रक्षा प्रवेश परीक्षा है। इसमें अप्लाई करने के लिए आपकी उम्र 20-24 साल होनी चाहिए। उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए। CDS में एक लिखित परीक्षा होती है जिसका आयोजन UPSC करता है। उसके बाद स्स्कइंटरव्यू होता है। भारतीय नौसेना (केवल नौसेना उम्मीदवारों के लिए) द्वारा मेडिकल परीक्षण किया जाता है। इसके बाद CDS एक अंतिम मेरिट लिस्ट बनाती है और सिलेक्ट हुए उम्मीदवारों को नौसेना में शामिल किया जाता है।

## NCC एंट्री

CDSE विज्ञापन के साथ ही नेवल विंग सीनियर डिवीजन में NCC 'C' सर्टिफिकेट धारकों के लिए जॉब्स निकलती हैं। NCC सर्टिफिकेट के साथ उम्मीदवारों के पास बी.ई./बी.टेक की डिग्री होनी चाहिए। इसके लिए कोई लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है। पात्र उम्मीदवारों को अपना आवेदन डीजीएनसीसी के माध्यम से सीधे IHQ MoD (N)/DMPR को भेजना होता है। इसके बाद उम्मीदवारों को इंटरव्यू पास करना होता है। स्स्कमें सफल हुए उम्मीदवार मेडिकल टेस्ट देते हैं। फिट पाए जाने पर ऑल इंडिया मेरिट के आधार पर भारतीय नौसेना में शामिल होते हैं।

अंडरग्रेजुएट लेवल एंट्री के लिए परमानेंट कमीशन, डायरेक्ट एंट्री, 10+2 (बी.टेक)

अंडरग्रेजुएट लेवल एंट्री के लिए परमानेंट कमीशन, डायरेक्ट एंट्री, 10+2 (बी.टेक) इसमें PCM में 70% मार्क्स के साथ 12वीं पास करने वाले छात्र अप्लाई कर सकते हैं। इसके साथ ही 10वीं या 12वीं कक्षा में उनके अंग्रेजी में 50% मार्क्स आए हों। 10+2 (बी.टेक) में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए जेईई (मेन्स) की रैंक भी अनिवार्य है। उम्मीदवारों को ऑल इंडिया रैंक के आधार पर स्स्बके लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। स्स्ब के बाद योग्य उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है। लिस्ट में उनके नंबर के आधार पर योग्यता के क्रम में उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाता है।

## इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट /नॉर्मलाइजेशन

इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट (INET) IHQ MoD (नौसेना )/DMPR के अंतर्गत होने वाली एक ऑफिसर एंट्री है। यह परमानेंट कमिशन और शॉर्ट सर्विस कमीशन दोनों के लिए होती है। INET का आयोजन एक वर्ष में दो बार होता है। INET (ऑफिसर) एक कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा है। इसमें चार खंड होते हैं और उम्मीदवार को सभी चार खंडों में मिनिमम 40% अंक लाने होते हैं। INET रैंक कम प्रेफरेंस के आधार पर उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाता है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार इंटरव्यू में भाग लेते हैं। INET (50% वेटेज) और SSB (50% वेटेज) दोनों के मार्क्स के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाती है और वे नौसेना में शामिल होते हैं।





# असफलता के बाद इस तरह बना सकते हैं राहें आसान

**इन दिनों नकारात्मक वजहों से बनने वाली ये सुर्खियां विद्यार्थियों से लेकर अभिभावकों और शिक्षकों हर किसी को गंभीर चिंतन के लिए विवश कर रही हैं। विद्यार्थी जिस तरह पढ़ाई और परिणाम में बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण आत्महत्या कर रहे हैं, वह हर किसी को मर्माहत करने वाला है। इस तरह की घटनाओं के पीछे कई सवाल हैं, जिनका समाधान खोजना बेहद जरूरी लगता है। आखिर क्या कारण है कि इंजीनियर या डॉक्टर बनने की तैयारी में लगे ये विद्यार्थी अचानक आत्मघाती कदम उठा बैठते हैं? क्यों वे असमय ही अपने सुनहरे सपनों का गला घोंट देते हैं?**

## सपने पूरे करने का दबाव

ऐसी घटनाओं के पीछे जो सबसे बड़ा कारण नजर आता है, वह है माता-पिता की अपनी संतान से अव्यवहारिक अपेक्षाएं। दरअसल, बच्चे के बड़े होने के साथ-साथ पैरेंट्स के सपने भी पलने और बड़े होने लगते हैं। कई बार माता-पिता के अपने सपने अधूरे होते हैं, जिन्हें वे अपनी संतान के जरिए पूरा करने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा, वे अपने मित्रों, रिश्तेदारों, पास-पड़ोस, शहर या गांव के सफल लोगों से भी प्रभावित होकर अपनी संतान को उनके जैसा बनाना चाहते हैं। विद्यार्थियों का इंजीनियरिंग या मेडिकल की पढ़ाई की ओर भागना भी इसी बात का सूचक है। ज्यादातर माता-पिता को यही लगता है कि इंजीनियर या डॉक्टर बनकर ही उनका बच्चा सफल करियर की ओर कदम बढ़ा सकता है। इस सपने को पूरा करने के लिए वे अपने बच्चे की रुचि/ पसंद को अनदेखा कर देते हैं और उस पर दबाव डालते हैं कि वह उनकी पसंद के अनुसार ही करियर की राह पर चले इससे विद्यार्थियों पर दबाव बढ़ जाता है।

## उत्साह में कमी तो नहीं

हो सकता है कि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल के लिए बिल्कुल फिट हों और उसमें आपका मन भी लग रहा हो लेकिन अगर ऐसा नहीं है, तो आप अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर आपने अपनी इच्छानुसार भी कोई फील्ड चुन ली है और उसमें एडमिशन ले लिया है मगर आप खुद को अनमना महसूस कर रहे हैं, किसी काम को ठीक से नहीं कर पा रहे हैं या अपने में उत्साह की कमी पा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप जिस राह पर चल रहे हैं, उसमें आपको कोई परेशानी है। ऐसे में आपको बेहिचक अपने माता-पिता से बात कर लेनी चाहिए।

## खुली है तरक्की की राहें

आज के समय में सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना ही कामयाबी नहीं है। अब दर्जनों ऐसे क्षेत्र सामने आ गए हैं, जिनमें पहचान, पैसा और प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह बात विद्यार्थियों को समझनी भी होगी और अपने अभिभावकों को समझानी भी होगी। विद्यार्थी अगर अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़े, तो ही उसका भविष्य सुखद बन सकता है।

## पैरेंट्स को करें राजी

आपमें से बहुत-से विद्यार्थियों ने इस साल 12वीं की परीक्षा दी होगी। अगर आप अपनी पसंद को समझते हैं, तो अपनी पसंद से अपने माता-पिता को अवगत कराएं। उन्हें कनविंस करें। हो सकता है कि पैरेंट्स आपको कम समझदार या परिपक्व समझकर आपकी बातों को तवज्जो न दें, लेकिन अगर आपको अच्छी तरह पता है कि आप किस फील्ड में जोरदार प्रदर्शन कर सकेंगे, तो इस बारे में डांट या नाराजगी की परवाह किए बिना पैरेंट्स के सामने अपनी बात रखने का प्रयास करें।



# पीजीडीएम इन फाइनेंस क्यों है आपके लिए सही विकल्प?

प्रबंधन और कंसल्टेंसी के पारंपरिक फील्ड्स से बाहर निकलने की इच्छा रखने वाले कई छात्रों के लिए पीजीडीएम या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (फाइनेंस) एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। दुनिया दिन प्रतिदिन तरक्की कर रही है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं आपस में ज्यादा जुड़ती जा रही हैं। इसलिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित वित्तीय सलाहकारों और प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में फाइनेंस क्षेत्र एक फायदेमंद और गतिशील कैरियर हो सकता है।

**अगर आपकी रुचि वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय विश्लेषण या वित्त से जुड़े अन्य फील्ड में है तो आपके लिए पीजीडीएम इन फाइनेंस बेहतर विकल्प हो सकता है। पीजीडीएम कोर्स को फाइनेंस सेक्टर की तमाम फील्ड के हिसाब से तैयार किया गया है।**

## कई क्षेत्रों में मौके

पीजीडीएम इन फाइनेंस न केवल वित्तीय मुद्दों से निपटने का स्किल देता है, बल्कि छात्रों को विभिन्न इंडस्ट्री के मुद्दों को समझने के लिए जरूरी ज्ञान भी देता है। ऐसे में आपके लिए फाइनेंस पीजीडीएम उपयोगी साबित हो सकता है।

## नेटवर्किंग और वैश्विक अवसर

पीजीडीएम इन फाइनेंस छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर उद्योग के पेशेवरों, अन्य पीजीडीएम फाइनेंस छात्रों, गुरुओं और प्रोफेसरों के साथ सीखने और बातचीत करने का अवसर देता है। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों, अतिथि व्याख्यानों, कार्यशालाओं और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से, पीजीडीएम इन फाइनेंस छात्रों को नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करता है। साथ ही पीजीडीएम इन फाइनेंस ग्लोबल स्तर पर भी नौकरी के कई मौके प्रदान करता है।

## इंडस्ट्री के अनुसार

पीजीडीएम इन फाइनेंस कार्यक्रम इंडस्ट्री के तौर-तरीकों के अनुसार बनाया गया है। इससे छात्रों को उद्योग के विशेषज्ञों और प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत करने का अनूठा अवसर मिलता है, साथ ही उन्हें उद्योग से जुड़ा अत्याधुनिक और नवीनतम ज्ञान भी मिलता है। नवीनतम रुझानों और विकासों का अध्ययन करने से छात्रों को अपने करियर की शुरुआत में ही बढ़त मिलती है। पीजीडीएम इन फाइनेंस उन लोगों के लिए आदर्श है जो पहले से ही वित्तीय क्षेत्र में रुचि रखते हैं और जिनमें इस प्रतिस्पर्धी उद्योग के लिए योग्यता है। फाइनेंस पीजीडीएम वित्तीय बाजारों, विश्लेषण और रणनीतियों के एकीकृत पाठ्यक्रम को एक साथ जोड़ता है।

## कैरियर में ग्रोथ

पीजीडीएम इन फाइनेंस आपको स्किल प्रदान करता है और युवा पेशेवरों को अपने कैरियर में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाता है। वे चाहे कहीं भी अपना डिप्लोमा इस्तेमाल करें, उन्हें आकर्षक कैरियर के रास्ते जरूर मिलेंगे।

## कंक्लूजन

पीजीडीएम इन फाइनेंस अपने छात्रों के लिए प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजारों में सफल होने और वित्तीय ज्ञान और जानकारी से लैस व्यक्तिगत जीवन में भी सफल होने के द्वार खोलता है। वित्तीय सेक्टर में मदद में रुचि रखने वालों को यह कई अन्य मौके भी प्रदान करता है।

## लकड़ी तस्करों के साथ नगर के लोग मिलकर कर रहे पेडों की कटाई- सरफराज

**बिश्रामपुर** - क्षेत्र में लकड़ी तस्कर वर्तमान समय मे सक्रिय है जो बाहरी राज्यो से आये तस्करों से संपर्क कर बिश्रामपुर के धरोहर हरियाली यू के लिप्ट्स के सैकड़ों पेड़ो की कटाई करवा रहे है, ऐसे में शहर के सरफराज खान एन एस यू आई प्रदेश महासचिव ने तस्करों को जल्द बेनकाब करने ओर जो शहर को लोग इन सब संलिप्त है उन्हें शहर के सामने बेनकाब करने की बात कही है ज्ञात हो कि लंबे समय से जिले में अवैध लकड़ी तस्कर सक्रिय है जिसके बारे में आये दिन अखबारों में खबरे भी आ चुकी है परंतु वर्तमान समय मे बिश्रामपुर में भारी संख्या में यू के लिप्ट्स के पेड़ों की कटाई शहर के लोगो के सरंक्षण में बाहरी तस्कर कर रहे है जिसका विरोध शहर के युवाओं ने किया है और अवैध लकड़ी कटाई पर रोक लगाने की बात कही है साथ ही युवाओ के द्वारा तस्करी में संलिप्त अधिकारी व नागरिकों के भी नाम जल्द सामने लाएगी ?र इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी को भी देने की बात कही है।

### न्यूज गैलरी

## विवेकानंद कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को महाविद्यालय एवं प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर श्राबनी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में किया गया। रोजगार मेले का आयोजन स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के प्रथम एवं द्वितीय दोनों वर्षों के छात्र-छात्राओं हेतु 2 चरणों में हुआ। प्रथम चरण में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की तार्किक परीक्षा पश्चात द्वितीय चरण में उनके व्यक्तित्व परीक्षण एवं साक्षात्कार के परिणामों के आधार पर प्रिज्म कॉलेज भिलाई द्वारा उड़ान 2025 ऑपेन प्लेसमेंट कैंप द्वारा 8 से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले रोजगाार कार्यशाला में बुलाया जायेगा। विदित हो कि इस रोजगाार मेले में महाविद्यालय एवं प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई के साथ 3 वर्षीय अनुबंध किया गया है जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं हेतु प्लेसमेट कैंप के माध्यम से संभावित रोजगार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु महाविद्यालय के डॉ. अरूणिमा दत्ता, भीमसेन भगत, रंजीतमणी सतनामी एवं डॉ. नसीमा बेगम अंसारी की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, अनुपा तिग्गाा, स्मृति अग्रवाल, सुनील गुप्ता कमेलश पटेल, सुशील कुमार छात्रे, समस्त अतिथि व्याख्याता, कार्यालयीन स्टाफ मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं सुनीत जॉनसन बाड़ा उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में 1566 आवेदनों के निराकरण का दावा



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पेण्ड्री में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत अंतिम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों से प्राप्त कुल 1658 आवेदनों में से 1566 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 76 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।

पेंड्री में सुशासन तिहार के माध्यम से शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक लाने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर जनसामान्य को विभागीय जानकारी दी गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड कमला, सुनीता, सोना, कदम कुंवर, पूर्णिमा, चैती बाई, बेचनिया बाई, कलावती, सोनमती गोंड़, फुल कुंवर, सुमरिया, मालती, रामकली, कदम कुंवर, समरिया बाई, फुलेश्वरी पार्वती चेरवा, समुहीबाई चेरवा, मीना सिंह, मेनका, मानमती, कमला बैगा, माया, राधा, पूजा सार्थी, पुनम एवं पूजा को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भीनस, रानू, पुनीता, मनीषा एवं सुमित्रा को गोद भराई का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। साथ ही विभाग द्वारा श्रेया, प्रियान्सु, रेखा, ऋषभ, साधना को स्वच्छता किट वितरित की गई। रोशनी, प्रियांचल, आनंद कुमारी, स्वाती और आस्था के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बैंक खाते खोले गए। इस अवसर पर रियान्स, सुनीता, आयुष, साराश, नितेश का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया,जिसमें बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुजा राय, अनुज राय, बलेश्वर यादव, परदीप कुमार राय, सुनीता और केशकली को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे वितरित भी किए गए।

**माड़ीसरई में 965 लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान**

जिले के विकासखंड भरतपुर के ग्राम माड़ीसरई में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय अंतिम पड़ाव शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैशी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 1040 आवेदनों में से 965 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 75 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। शिविर में बड़वाही, मेंहदौली, बेला, उदकी, माड़ीसरई, हरचैका, चिड़ौला, कर्री तथा पूंजी के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना बनी भारती साहू के लिए सहारा

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही गरीबी और असमानता के चक्र को तोड? में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसी पहल समुदायों को नया आकार देती हैं और अधिक समावेशी, सहभागी और टिकाऊ समाज बनाने में मदद करती हैं। महिला श्रमिक भारती उन नई पीढ़ी की माताओं में से हैं, जिन्हें शिक्षा और अवसरों तक पहुंच से वंचित रखा गया था, लेकिन अब वे चाहते हैं कि उनकी बेटियों का भी यही हश्र न हो। हालाँकि भारती का दैनिक जीवन निर्माण स्थलों पर थकाऊ काम और घरेलू कामों में उलझा हुआ है, लेकिन भारती अपनी बेटियों को एक उद्देश्यपूर्ण और पूर्ण जीवन प्रदान करने के महत्व को समझती हैं। परिणामस्वरूप, उन्होंने और उनके पति ने नोनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन किया, जो निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने वाली एक योजना है। माता-पिता बच्चे के विकास के लिए मंच तैयार करते हैं। हालाँकि, गरीबी और आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों को समावेशी सामाजिक सुरक्षा रणनीतियों की आवश्यकता है जो उनकी जरूरतों को समझें और उन्हें प्राथमिकता दें। शिक्षा एक ऐसा साधन है जो समुदायों को ज्ञान और कौशल से लैस कर सकता है। मानव विकास को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलापन बढ़ाना। छत्तीसगढ़ श्रम विभाग छत्तीसगढ़ में हाशिए के समुदायों के बीच शिक्षा तक पहुँच की कमी को दूर करने के महत्व को पहचानता है और मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा जैसी पहल की वकालत करता है। श्रम विभाग ने पात्रता कार्यक्रमों को डिजाइन और संचालित किया है जो भारती साहू जैसे श्रमिकों के लिए संभावनाओं का विस्तार करते हैं, जो एक निर्माण श्रमिक हैं, श्रम विभाग के शिक्षा पात्रता कार्यक्रम द्वारा प्रदान की जाने वाली वार्षिक वित्तीय सहायता अंतर-पीढ़ीगत गरीबी और असमानता के चक्र को तोड? में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# सोनहत वन तथा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघिन ने दो शावकों को दिया जन्म



**कोरिया बैकुंठपुर।** गुरुघासीदास टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट में बाघिन ने २ शावकों को जन्म दिया है। नन्हें मेहमानों का आना खुशी का पल है। लंबे समय बाद यह मौका आया है। वन विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र को सुरक्षित कर दिया गया है ताकि कोई वहां आ और जा न सके। जंगल की ओर से जा रहे एक ग्रामीण की नजर सबसे पहले बाघ के शावकों पर पड़ी। उसने यह जानकारी वन अधिकारियों को दी।

सोनहत वन परिक्षेत्र और गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान सीमा के समीप बाघिन ने २ शावकों को जन्म दिया है। यह सूचना ग्राम भलुवार निवासी एक ग्रामीण और संदीप सिंह ने दी। बताया जा रहा है कि खेत से घर जाने के दौरान ग्रामीण की नजर बाघ के शावकों पर पड़ी।

इसके बाद उसने उसकी फोटो ली और वन गांव वालों को दिखाया। इसकी सूचना मिलते ही सोनहत रेंजर अजीत सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां न तो शावक और न ही बाघिन मिली। बारिश के कारण पंजों के निशान भी मिट गए थे। इसके बाद आस-पास के गांवों के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि आज ही शावकों को बाघिन के साथ देखा गया है। पुष्टि होने के बाद रेंजर ने ग्रामीणों को जंगल से दूरी बना कर रखने और सबंधित स्थान के आस-पास न जाने कहा। वहीं बाघिन व शावक के बारे में जानकारी मिलने पर सूचना देने कहा है।

**राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में जाने की संभावना**

सबंधित स्थल से नेशनल पार्क का एरिया महज १०० मीटर की दूरी पर है। आशंका जताई जा रही है कि बाघिन अपने दोनों शावकों के साथ भलुआर क्षेत्र से राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में प्रवेश कर गई होगी।

**लंबे समय बाद आई खुशखबरी**

लंबे समय से राष्ट्रीय उद्यान से खुशखबरी आई है। इससे पूर्व २ बाघों के मारे जाने की खबर भी आई थी। बाघों का शव मिलने के बाद वन विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई थी।

## संविधान बचाओ अभियान : कोरिया जिले में 26 मई से संविधान बचाओ अभियान घर-घर जाकर किया जा रहा हैं जागरूकता अभियान



**कोरिया बैकुंठपुर** – अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार पूरे प्रदेश में संचालित संविधान बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा घर-घर अभियान को प्रभावी रूप से प्रारंभ किया गया. इस अभियान की शुरूआत ३१ मई २०२५ को नेता प्रतिपक्ष लालमुनि यादव एवं सकतर किंडो के नेतृत्व में कोरिया जिले में की गई,नेता प्रतिपक्ष लालमुनि यादव ने अभियान की भूमिका निभाते हुए ग्राम पंचायत फूलपुर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को संविधान की जानकारी दी तथा संविधान की रक्षा हेतु सजग रहने का संदेश दिया, कार्यक्रम में इंद्रजीत पांडे, इलियास अनिल टोप्पो, सुरेश प्रसाद एवं प्रभात लकड़ा लोग कांग्रेस के इस अभियान में शामिल हुए.

## सुशासन तिहार कार्यक्रम ग्राम पेटला में सम्मिलित हुए विधायक रामकुमार टोप्पो



**सीतापुर**- विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेटला में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था। आज सुशासन तिहार का अंतिम दिन था जिसमें सीतापुर ब्लाक के सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे। जहा स्टाल लगा कर लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण कराया जा रहा था। उक्त कार्यक्रम में विधायक रामकुमार टोप्पो बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर कहा कि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की सरकार है उनका प्रयास छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित करना है। हमारी सरकार सभी माता बहनों के बारे में सोच रही है, वही किसानों के लिए भी काम कर रही है। हमारी सरकार आवास को हर एक जरूरत मंद तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर हितग्राहियों को राशन कार्ड, वितरित किया गया। विधायक ने सीतापुर स्वास्थ्य केंद्र को लेकर कहां की आज सीतापुर का अस्पताल एक प्राइवेट हॉस्पिटल की तरह साफ सफाई और स्वच्छ हो गया है। इस मौके पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने अपने विधानसभा क्षेत्र में रानी अहिल्याबाई होळकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। इस सुशासन तिहार में क्षेत्र के लोगों ने काफी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ,जो अपनी समस्याओं एवं मांगों को विभाग के समक्ष रखे , जहा उन्हें त्वरित निराकरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## धान की जगह दलहन- तिलहन और जैविक खेती की ओर बढ़ते कदम



### विकसित कृषि संकल्प अभियान से मिल रही है नई दिशा

**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले के किसानों की सोच में अब उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। परंपरागत धान की खेती से हटकर अब किसान दलहन-तिलहन की खेती के साथ-साथ जैविक कृषि अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। यह बदलाव २९ मई से जिले में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान का परिणाम है, जिसके अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती की जानकारी दे रहे हैं।

**दलहन-तिलहन फसलों के प्रति बढ़ती रुचि** - गांवों में किसानों को बताया जा रहा है कि धान की तुलना में मसूर, अरहर, उड़द, मूंग, मटर, सोयाबीन, मूंगफली, सरसों, सूरजमुखी व तिल जैसी फसलें कम पानी में अधिक लाभ दे सकती हैं। इसके साथ ही इन फसलों की बाजार मांग भी बढ़ रही है। कई किसानों ने भी इस सोच को अपनाने का संकल्प लिया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि 'अब समय आ गया है कि हम सिर्फ धान पर निर्भर न रहें। चावल के साथ जब दाल, तेल, सब्जी की जरूरत होती है, तो हमें उसके उत्पादन पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे हमारी आमदनी बढ़ेगी और जमीन भी बेहतर होगी।'

**रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद को प्राथमिकता,**

अभियान के तहत कृषि विशेषज्ञ रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित कर रहे हैं। जैविक खाद से न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी बल्कि उत्पादित फसलें स्वास्थ्य के लिए भी अधिक लाभकारी होंगी। किसान भी अब इस दिशा में बदलाव के लिए तैयार दिख रहे हैं।

**मोटे अनाज की खेती को भी मिल रहा प्रोत्साहन** - वैज्ञानिकों द्वारा मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, सांवा की खेती को भी अपनाने की सलाह दी जा रही है। ये फसलें न केवल कम पानी में उगती हैं बल्कि पोषण से भरपूर होती हैं और इनके बाजार मूल्य में भी वृद्धि हो रही है।

**यह अभियान भविष्य की खेती का आधार** - कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा खरीफ फसल के पहले पीएम किसान को दलहन- तिलहन आदि फसलों के रकबे में बढ़ोतरी कराने और कम से कम रासायनिक खाद डीएपी के उपयोग करने के बारे में प्रोत्साहित की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि, यह अभियान न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। दलहन-तिलहन और जैविक खेती से किसानों को तीन बड़े फायदे मिलेंगे पानी की बचत, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और आर्थिक लाभ।

# सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविर से ग्रामीणों को मिला त्वरित लाभ

### जल संरक्षण व कृषि नवाचार पर दिया गया जोर, कलेक्टर और जन- प्रतिनिधियों ने किया हितग्राही सामग्री का वितरण



**कोरिया बैकुंठपुर** - सुशासन तिहार के तृतीय और अंतिम चरण के अंतर्गत शनिवार को बैकुण्ठपुर विकासखंड के ग्राम जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में ग्राम आनी, उरूमदुगा, भांडी, खांडा, महोरा, मुरमा, पूटा, अंगा, कटकोना, डकईपारा, चम्पाझर, जनकपुर और रामपुर-ज से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण ८ से ११ अप्रैल तक चला, जिसमें ग्रामीणों से आवेदन लिए गए। दूसरे चरण में त्वरित समाधान किया गया और तीसरे चरण के अंतर्गत ५ से ३१ मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार से आ नागरिकों को प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभ मिला है। कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण किया। स्वामित्व योजना के तहत ३ हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख, २ हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, ६ छात्रों को जाति प्रमाण पत्र, ९ छात्रों को जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा मछली जाल, आयुष्मान कार्ड, चेक राशि आदि भी प्रदान किए गए। जल संरक्षण और च्मोर गांव मोर पानीज अभियान के सम्बंध में कलेक्टर ने जल संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए बताया कि जिले में आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है। २९ मई को जनभागीदारी से ६६० सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स में कोरिया का नाम दर्ज हुआ है। किसानों से अपील की गई कि वे खेतों में ५ प्रतिशत मॉडल के तहत सीढ़ीनुमा सोख्ता गड्ढे बनाएं ताकि भूजल स्तर धरती के अंदर जा सके, जल सुरक्षित व संरक्षित रह सके।

**कृषि विविधीकरण और मधुमक्खी पालन पर जोर** - कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों से सिर्फ धान पर निर्भर न रहकर दलहन, तिलहन, फल-सब्जी की खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरिया की पहचान च्सोनहनी शहदज के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर बनी है, जिसका उल्लेख स्वयं प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में किया। मधुमक्खी पालन में रोजगार की बड़ी संभावना है।

**पर्यावरण और शिक्षा को लेकर संकल्प** - ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और बेटियों के नाम ५ पौधे तथा माँ के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। समाधान शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को उनसे लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों, पंच-सरपंच एवं अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण, हितग्राही, लाभार्थी उपस्थित थे।

# गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर राहगीरों को शरबत वितरण



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** गुरू अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा के सेवादारों ने स्थानीय शीतला माता मंदिर के सामने शरबत बांटने की सेवा की। सिख समाज द्वारा जन सेवा में युवाओं का समर्पण देखते ही बन रहा था। सिख समाज द्वारा शनिवार को सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ शीतला मढ़िया के सामने राहगीरों को शीतल शरबत वितरित किया गया। सिख समाज के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु अर्जन देव जी को उनके धर्म परिवर्तन से इनकार करने के कारण अत्यंत कठोर यातनाएं दी गईं थीं, लेकिन उन्होंने अपने धर्म और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनके बलिदान को सिख समाज हर वर्ष सेवा और समर्पण के रूप में याद करता है। इसी कड़ी में समाज द्वारा इस वर्ष भी शहीदी दिवस पर सेवा भावना के तहत जिले भर में शीतल पेय का वितरण किया गया। यह आयोजन समाज में मानवता, सहिष्णुता और सेवा के भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। सिख समाज के पदाधिकारियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने समाज की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर जरनैल सिंह रैना, रमणीक सिंह रैना गोलू, गुरजीत, सिमर, हर्ष खनूजा, अवनूर, लक्की, जगजीत, अक्की, कबीर, एकस, चंकी, तरन समेत अन्य युवा सक्रिय रहे।

Sports Live

## सायकल रैली का आयोजन 01 जून को

**कोरबा, 31 मई (ए)।** विश्व सायकल दिवस के अवसर पर 01 जून को कोरबा शहरी क्षेत्र के एसईसीएल व्हॉलीबॉल मैदान में प्रातः 07 बजे सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली व्हॉलीबॉल मैदान से प्रारंभ होकर गुरूघासीदास चौक, मुडापार से होते हुए वापस एसईसीएल व्हॉलीबॉल मैदान में समाप्त होगा। खेल विभाग द्वारा उक्त सायकल रैली में अधिक से अधिक संख्या में जिले के जनप्रतिनिधि, समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सभी प्रबुद्धजन, स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राओं, स्थानीय खिलाड़ी, एनसीसी कैडेटस, एन.एस.एस. समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को निर्धारित समय पर आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर एकजुटता व सहिष्णुता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# मुंबई इंडियंस ने धमाकेदार जीत के साथ क्वालीफायर-2 में बनाई जगह, गुजरात टाइटंस हुई फाइनल की रेस बाहर




**मुल्लांपुर, 31 मई।** आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस ने 20 रनों हरा दिया है. इस जीत के साथ मुंबई ने खुद को फाइनल की रेस में बनाए रखा है और क्वालीफायर 2 में जगह बना ली है. जबकि इस हार के साथ गुजरात का आईपीएल 2025 का सफर खत्म हो गया है. गुजरात एलिमिनेट होकर फाइनल की रेस से बाहर हो गई है.

अब मुंबई इंडियंस 1 जून को क्वालीफायर 2 में पंजाब किंग्स से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टक्कर होगी. इस मैच को जीतने वाली टीम 3 जून को फाइनल में पहुंचेगी जिसकी टक्कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी.

इस मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए हैं. गुजरात टाइटंस ने जीत के लिए मिले 229 रनों के लक्ष्य को 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 208 रन बना पाई और 20 रनों से मैच हार गई. मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली.

गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल पारी की शुरूआत करने के लिए आए. गुजरात को ट्रेंट बोल्ट ने पारी की चौथी बॉल पर गिल को 1 रन के स्कोर पर बोल्ड कर पहला झटका दिया. इसके बाद कुसल मेंडिस और सुदर्शन के बीच दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई. लेकिन मेंडिस 20 रन बनाकर सेंटनर की बॉल पर हिट विकेट आउट हो गए. इसके बाद सुदर्शन ने वाशिंगटन सुंदर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की. गुजरात को तीसरा झटका जसप्रीत बुमराह ने शानदार यॉर्कर पर सुंदर को बोल्ड कर दिया. सुदर ने 24 बॉल में 5 चौके और 3 छक्कों के साथ 48 रनों की पारी खेली. इसके बाद गुजरात के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदर्शन रिचर्ड ग्लीसन की बॉल पर बोल्ड हो गए. उन्होंने 49 बॉल में 10 चौके और 1 छक्के के साथ 81 रनों की पारी खेली. इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड 24 रन बनाकर आउट हो गए. गुजरात के लिए राहुल तेवतिया ने 16 और शाहरुख खान 13 रन बनाए. मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 2, जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, अश्विनी कुमार और मिचेल सैंटनर ने 1-1 विकेट हासिल किया और अपनी टीम को 20 रनों से जीत दिला दी. मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो पारी की शुरूआत की और दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 7.2 ओवर में 84 रन जोड़े. मुंबई के लिए बेयरस्टो ने 22 बॉल में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 47 रनों की पारी खेली. तो वहीं रोहित शर्मा ने अर्धशतक लगाकर मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए. रोहित ने 50 बॉल में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 80 रनों की शानदार पारी खेली. मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 20 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 30 रनों का योगदान दिया और तिलक वर्मा ने 11 बॉल 3 चौकों के साथ 25 रन बनाए. कप्तान हार्दिक पांड्या ने 22 रनों का योगदान दिया और टीम को 228 तक पहुंचाया. गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा, साई किशोर ने 2-2 विकेट चटकाए और मोहम्मद सिराज ने 1 विकेट चटकाया.

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास, क्रिस गेल और विराट कोहली के बाद ऐसा करने वाले बने दूसरे बल्लेबाज



**मुल्लांपुर, 31 मई।** रोहित शर्मा ने गुरुवार 30 मई को मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच चल रहे आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने 2 बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. इस मैच में उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के और 7000 रनों का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

रोहित ने आईपीएल इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया. रोहित शर्मा वेस्टइंडीज के दिग्गज सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल के बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे क्रिकेटर भी बन गए, जिनके नाम 357 छक्के हैं. रोहित ने 267 मैचों की 261 पारियों में आईपीएल में 300 छक्के पूरे किए हैं.

इसके साथ ही रोहित शर्मा विराट कोहली के बाद आईपीएल इतिहास में 7000 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए. कोहली 266 मैचों की 258 पारियों में 8618 रन बनाकर इस सूची में सबसे आगे हैं. इस मैच से पहले रोहित शर्मा ने 265 पारियों में 29.60 की औसत से 6953 रन बनाए थे जिसमें 131.83 की स्ट्राइक रेट थी. उनके नाम आईपीएल में 46 अर्धशतक और 2 शतक भी हैं. रोहित ने अब 7038 रन बना लिए हैं. इस मैच में 39 रन पर बल्लेबाजी करते हुए राशिद खान के खिलाफ अपना 300वां छक्का लगाया और 43वां रन बनाकर 7000 रन पूरे किए. रोहित शर्मा के डीप मिड-विकेट पर लगाए गए इस छक्के के साथ राशिद खान एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के खाने वाले खिलाड़ी बन गए.

रोहित ने सिर्फ 27 गेंदों पर अपना 47वां अर्धशतक पूरा किया. रोहित ने 50 बॉल में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 80 रनों की शानदार पारी खेली. आईपीएल 2025 में अब तक रोहित का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है, उन्होंने 14 पारियों में 27.41 की औसत और 147.53 की स्ट्राइक रेट से 410 रन बनाए हैं. उन्होंने टूनार्मेंट में 4 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 80 रहा है.

## हरियाणा की राजमिस्त्री की बेटी पूजा का कमाल



**नई दिल्ली, 31 मई।** दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का चौथा दिन भारतीय महिला एथलीटों के लिए एक उल्लेखनीय दिन रहा, जिन्होंने 2 स्वर्ण पदक और 1 रजत पदक जीता. कुल मिलाकर, भारतीय एथलीटों ने 4 स्पधाओं में पोडियम फिनिश हासिल की और अपने प्रदर्शन से 4 अविश्वसनीय कहानियां लिखीं. लेकिन, इसमें सबसे प्रेरणादायक कहानी पूजा की रही है, जिन्होंने काफी संघर्षों का सामना करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया.

18 वर्षीय पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर देश के लिए स्वर्ण पदक जीता, जो 2000 में बॉबी एलॉयसियस की जीत के बाद से पहला स्वर्ण पदक है. युवा खिलाड़ी ने अपना खुद का अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन 2012 में सहाना कुमारी द्वारा बनाए गए 1.92 मीटर के सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गईं.

2007 में हरियाणा के फतेहाबाद जिले के बोस्ती गांव में जन्मीं पूजा की कहानी काफी प्रेरणादायक है. राजमिस्त्री हंसराज की बेटी पूजा की शुरूआती ट्रेनिंग सुविधाएं बहुत साधारण थीं. पूजा ने बांस के डंडों और पराली से भरी बोरियों से बने लैंडिंग एरिया का उपयोग करके कूदना सीखा. यहां से लेकर रिकॉर्ड बुक तक, पूजा ने एक ऐसी जगह से अपना नाम बनाया, जहां सपने साधारण होते हैं और ऊंची कूद कभी लिस्ट में नहीं आती.

लेकिन, पूजा ने अपने दृढ़ संकल्प से अपने सपने को पूरा किया.

## छोटी खबरें

### 12 जून से होगा दूसरे सीजन का आगाज, 7 पुरुष और 3 महिला टीमें करेंगी चौके-छक्कों की बरसात



0 एमपीएल के दूसरे सीजन का होगा आगाज
0 12 से 24 जून तक चलेगा पूरा टूनार्मेंट
0 पुरुषों की 7 और महिलाओं की 3 टीम

**ग्वालियर।** पहले सीजन के सफल आयोजन के बाद एमपीएल यानि मध्य प्रदेश लीग का दूसरा सीजन १२ जून से शुरू होने जा रहा है। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के तत्वावधान में एमपीएल का दूसरा सत्र १२ से २४ जून तक शंकरपुर स्थित ३० हजार दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। १३ दिवसीय इस टी-२० फार्मेट टूनार्मेंट में ग्वालियर चीता, जबलपुर रायल लायंस, बुंदेलखंड बुल्स, रीवा जगुआर, भोपाल लेपर्ड, चंबल घड़ियाल और इंदौर पिंक पैंथर टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी।

**आईपीएल के स्टार खिलाड़ी भी खेलेंगे एमपीएल**

आईपीएल में अपनी पहचान बना चुके रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी रजत पाटीदार के साथ वेंकटेश अय्यर और अनिकेत वर्मा जैसे क्रिकेट सितारे ९ जून से ग्वालियर में अभ्यास करते नजर आएंगे। इनके लिए आदर्श रनभूमि यानी बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार पिच माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में तैयार हो रही है। टीमें ८ जून को ग्वालियर आएंगी और ९, १० व ११ जून को दिन-रात अभ्यास सत्र में भाग लेंगी।

**महिला लीग की भी हो रही है शुरूआत**

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में इस साल से महिला लीग की शुरूआत भी हो रही है। इसमें चंबल घड़ियाल, बुंदेलखंड बुल्स और भोपाल वाल्बस की टीमें हिस्सा लेंगी। स्टेडियम के ग्राउंड प्रभारी विजय सिंह टुकटुक ने बताया कि एमपीसीए के चीफ क्यूरेटर मनोहर जामले के मार्गदर्शन में पिच तैयार की जा रही है, जिससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिले।

**बिना टिकट के नहीं देख पाएंगे मैच**

सूत्रों के अनुसार, आम दर्शकों के लिए प्रवेश शुल्क १०० रुपये तय किया जा सकता है। इसके बदले दर्शकों को क्या सुविधा या रिफंड दिया जा सकता है, इस पर विचार-विमर्श अंतिम चरण में है। पहले सत्र के फाइनल मैच के दौरान दर्शकों ने गेट नंबर तीन और चार पर भारी उपद्रव किया था, जिसमें आगजनी तक हुई थी। इस बार ऐसी घटनाएं रोकने के लिए व्यवस्थाएं पुख्ता की जा रही हैं।

**मोबाइल गेमिंग ऐप लांच**

एमपीएल ने अपने दूसरे सीजन से पहले च्एमपीएल क्रिकेट क्लैशज नामक मोबाइल गेमिंग ऐप लॉन्च किया है। यह मुफ्त ऐप यूजर्स को लीग की फ्रेंचाइजी और स्टार खिलाड़ियों के अवतार चुनने की सुविधा देता है। एमपीएल के प्रमुख महान आर्यमन सिंधिया ने कहा, इसका उद्देश्य दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट अनुभव से जोड़ना है। आपको बता दें कि पिछले वर्ष पहले संस्करण में जबलपुर लायंस ने भोपाल लेपड्र्स को ३३ रन हराकर खिताब अपने नाम किया था।

## ---------------------------- व्यापार/फिल्म----------------------------

# इंडिगो एयरलाइंस को भारत सरकार का फरमान, तुर्की के साथ खत्म करो विमान लीज समझौता



**नई दिल्ली ,31 मई ।** पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्की को कड़ा संदेश देते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइन को टर्किश एयरलाइंस के साथ अपने विमान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया।

इंडिगो ने टर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे हैं, जिसके लिए उसे 31 मई तक की अनुमति थी। कंपनी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इस अनुमति को छह महीने तक बढ़ाने की मांग की थी।

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, मंत्रालय ने अब इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

हालांकि, मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उड़ान में तत्काल व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए इंडिगो को 31 अगस्त तक तीन महीने का विस्तार दिया गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

इंडिगो को इन किराए के विमानों के लिए 31 अगस्त 2025 तक तीन महीने की आखिरी और अंतिम विस्तार अवधि दी गई है। यह अनुमति एयरलाइन के इस वादे के आधार पर दी गई है कि वह इस अवधि में टर्किश एयरलाइंस के साथ किराए का समझौता खत्म कर देगी और इसके लिए आगे कोई विस्तार नहीं मांगेगी।

इंडिगो का टर्किश एयरलाइंस के साथ भी कोडशेयर समझौता भी है।

पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूरइ के दौरान तुर्की के पाकिस्तान के साथ खड़े होने के बाद केंद्र ने 15 मई को तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था, तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। मौजूदा हालात को देखते हुए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश में सेलेबी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

'ऑपरेशन सिंदूरइ के दौरान और उसके बाद तुर्की ने पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। भारत द्वारा पड़ोसी देश में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले में तुर्की के ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि एयरलाइन टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए विमानों के साथ अपने परिचालन को नियंत्रित करने वाले सभी नियामक ढांचे का पूरी तरह से अनुपालन कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन पट्टों के नवीनीकरण का निर्णय केंद्र सरकार करेगी।


## फ्री में 3 लाख जीतने का मौका, सिर्फ सोचना है और बताना है एक नाम, जानिए डिटेल

**नई दिल्ली ,31 मई ।** ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज प्राइवेट लिमिटेड अब अपने नाम में बदलाव करने जा रही है। यह कदम कंपनी के भविष्य की रणनीति और ब्रांडिंग के तहत उठाया जा रहा है। ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने सोशल मीडिया के जरिए नए नाम के सुझाव आमंत्रित किए हैं।

ओयो आने वाले समय में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ लाने की तैयारी में है। साथ ही कंपनी प्रीमियम होटल ऐप लॉन्च करने पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, जिस नाम को चुना जाएगा, वह संभवतः ओयो के आगामी प्रीमियम होटल ऐप का नाम भी हो सकता है। इससे यह संकेत मिलता है कि नाम परिवर्तन कंपनी की समग्र रीब्रांडिंग और उच्च वर्गीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करने का हिस्सा है। रितेश अग्रवाल ने घोषणा की कि जिस व्यक्ति का नाम चुना जाएगा, उसे 3 लाख का इनाम और उनसे मिलने का अवसर भी मिलेगा। उनका मानना है कि अब समय आ गया है कि भारत से एक ऐसा वैश्विक ब्रांड उभरे जो आधुनिक जीवनशैली और नवाचार का प्रतीक बने।

कंपनी प्रीमियम और मिड-मार्केट सेगमेंट के लिए एक अलग ऐप लाने की योजना बना रही है।

# मोदी सरकार का पेंशन स्कीम पर बड़ा फैसला, केंद्रीय कर्मचारियों पर पड़ेगा असर




**नई दिल्ली ,31 मई ।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 31 मार्च 2025 को या उससे पहले न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पूरी कर रिटायर हुए केंद्र सरकार के एनपीएस खाताधारक या उनके जीवनसाथी एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत अतिरिक्त लाभ का दावा कर सकते हैं।

यूपीएस का विकल्प चुनने वाले रिटायर कर्मचारी को प्रत्येक पूर्ण की गई छह महीने की सेवा के लिए अंतिम मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते के दसवें हिस्से का एकमुश्त भुगतान मिलेगा। साथ ही एनपीएस के तहत मासिक टॉप-अप राशि की गणना स्वीकार्य यूपीएस भुगतान और महंगाई राहत (डीआर) से एनपीएस के तहत प्राप्त पेंशन राशि को घटाकर की जाती है। इसमें कहा गया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लागू पीपीएफ दरों के अनुसार साधारण ब्याज भी दिया जाएगा। ऐसे कर्मचारियों या उनके जीवनसाथी द्वारा दावा करने की अंतिम तारीख 30 जून, 2025 है। बता दें कि वित्त मंत्रालय ने जनवरी में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अधिसूचित किया था, जो सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन का वादा करती है।

यूपीएस उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आते हैं और जो यह विकल्प चुनते हैं। अधिसूचना के अनुसार, पूरी तरह सुनिश्चित भुगतान की दर सेवानिवृत्ति से ठीक पहले 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत होगी। इससे 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस के बीच चयन करने का विकल्प मिला। एनपीएस एक जनवरी, 2004 को लागू हुआ था।

## सांसद अग्रवाल बनाए गए छत्तीसगढ़ परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र सरकार ने नई जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की छत्तीसगढ़ राज्य परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना और पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है। यह दायित्व उन्हें तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है। श्री अग्रवाल ने इस दायित्व के लिए भारत सरकार, उपभोक्ता मामले मंत्रालय तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि, यह नियुक्ति मेरे लिए गर्व और उत्तरदायित्व दोनों का विषय है। छत्तीसगढ़ के किसानों, उपभोक्ताओं और खाद्य वितरण व्यवस्था को सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करूंगा। एफसीआई जैसी महत्वपूर्ण संस्था के परामर्शदात्री निकाय का नेतृत्व कर पाना मेरे लिए सेवा का एक और माध्यम है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव का विषय है, जिससे राज्य के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने और समाधान दिलाने में सहायता मिलेगी।

### न्यूज गैलरी

## सौम्या, रानू समेत 6 आरोपी जेल से रिहा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, रजनीकांत तिवारी, वीरेन्द्र जायसवाल और संदीप नायक को आज सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। वहीं रानू साहू की जुलाई 2023 में गिरफ्तारी हुई थी। इन्हे छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा,पासपोर्ट जमा कराने के साथ सप्ताह भर के भीतर अपने नए पते की जानकारी देनी होगी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद इनकी रिहाई हुई है। इन सभी को मीडिया से बचाते हुए जेल प्रशासन ने सुबह जेल के पीछे वाले गेट से बाहर निकाला। जेल से बाहर निकलने के बाद किसी से कोई बयान, प्रतिक्रिया का अवसर नहीं मिला और अपनी अपनी गाडियों में सवार होकर रवाना हो गए। रानू सरकारी कार से देवेन्द्र नगर आईएएस कालोनी स्थित अपने पति जय प्रकाश मौर्य के घर पहुंची। कार से दो बड़े ट्रैवलर बैग में सामान थे। इसी कालोनी में समीर विश्नोई भी रहते हैं वे भी सीधे अपने घर पहुंचे।

# हजारों की संख्या में स्कूल बंद होने की बातें भ्रामक और तथ्यहीन

**00 सिर्फ 166 स्कूलों का होगा समायोजन, शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे, 00 विभाग ने कहा युक्तियुक्तकरण शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास**



**रायपुर।** शिक्षा विभाग ने कतिपय संगठनों एवं व्यक्तियों द्वारा युक्तियुक्तकरण से हजारों की संख्या में स्कूलों के बंद होने की बात को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि असलियत इससे बिलकुल अलग है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य किसी की पढ़ाई रोकना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें दर्ज संख्या 30 से कम हैं और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। उनमें केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर आवश्यक समायोजन किया जा रहा है। स्कूल भवनों का उपयोग पहले की तरह ही जारी रहेगा और जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ शिक्षक भी उपलब्ध रहेंगे।

यहाँ स्पष्ट करना जरूरी है कि स्कूलों का ₹समायोजन₹ और ₹बंद₹ होना अलग चीज है। समायोजन का अर्थ है पास के स्कूलों को एकीकृत कर बेहतर संसाधनों का उपयोग। इसका मकसद बच्चों को अच्छी शिक्षा देना है, न कि स्कूल बंद करना। शिक्षा विभाग ने लोगों से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। सच्चाई यह है कि राज्य सरकार स्कूलों को मजबूत करने, पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देने की सुदृढ व्यवस्था में जुटी है।

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल**

दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानि तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके। इससे बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा।

सरकार की मंशा साफ है, हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यही वजह है कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि शिक्षकों की तैनाती सिर्फ संख्या के हिसाब से नहीं बल्कि जरूरत के हिसाब से हो। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग का मानना है कि यह कदम सिर्फ एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक ठोस बदलाव है, जिससे आने वाली पीढ़ी को मजबूत नींव मिलेगी।

## अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ

**00 काउंसिलिंग में भाग लेने वालों को तत्काल दिया जा रहा चयनित स्कूल में पदस्थापना का आदेश पत्र**



**कोरबा/रायपुर।** राज्य शासन के दिशा निदेर्शानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में आज कोरबा जिले के अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया राजीव गांधी आडिटोरियम टांसपोर्ट नगर में चल रही है। प्रथम चरण में वरिष्ठता के आधार पर अतिशेष प्रधानपाठकों की काउंसलिंग की गई। सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रधानपाठकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने पसंद के विद्यालयों का चयन किया। सहायक शिक्षकों द्वारा भी काउंसिलिंग में सम्मिलित होकर निर्धारित सूची में से पसंद के विद्यालयों का चयन किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसन्त ने शासन के निदेर्शों के अंतर्गत पारदर्शिता के साथ काउंसिलिंग की प्रकिया अपनाए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जिले में शिक्षक विहीन विद्यालयों और एकल शिक्षकीय विद्यालय में अतिशेष शिक्षकों का समायोजन होने से दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नियमित शिक्षक उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। काउंसिलिंग में सम्मिलित शिक्षकों द्वारा चयनित विद्यालय में तत्काल नवीन पदस्थापना आदेश भी जारी किया जा रहा है।

**शिक्षिका ने जताई संतुष्टि** – काउंसिलिंग में सम्मिलित होकर निर्धारित सूची में से पसंद का स्कूल चयन कर नवीन विद्यालय में जाने वाली प्राथमिक शाला जेन्जरा की शिक्षिका श्रीमती देकुमारी साहू ने काउंसिलिंग की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि अब नवीन विद्यालय ढेलवाडीह में शिक्षक का दायित्व निर्वहन करेंगी। उन्होंने काउंसिलिंग में पसन्द के विद्यालय मिलने पर खुशी प्रकट की।

# रानी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की जीवंत प्रतीक - मंत्री राजवाड़े

**00 रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण और सेवा भावना पर हुआ मंथन**




**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सूरजपुर जिले के ऑडिटोरियम में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। श्रीमती राजवाड़े ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कर्तृत्व को नारी शक्ति की प्रेरणा बताया।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी और हमेशा अपनी प्रजा की भलाई के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए तालाब खुदवाए, निर्धनों की सहायता की और शासन को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने शत्रुओं का डटकर सामना किया और अपने शासन में न्याय, धर्म और जनसेवा को सर्वोपरि रखा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने यह भी कहा कि रानी अहिल्याबाई ने स्त्रियों को समाज में निर्णय लेने का अधिकार दिया और विधवाओं एवं वंचित वर्ग की महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि स्त्री केवल सहनशीलता की प्रतीक नहीं, बल्कि नेतृत्व, चेतना और परिवर्तन की वाहक भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी रानी अहिल्याबाई की प्रेरणा से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने यह भलीभांति समझा था कि समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी और शिक्षा के बिना संभव नहीं है।

इस अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें जय दुर्गा स्वसहायता समूह को डोर टू डोर कचरा संग्रहण और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अपने योगदान के लिए श्रीमती माधुरी भंडारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया। श्रीमती राजवाड़े ने भटगांव स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित त्रिशताब्दी समारोह में भी भाग लिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिले के गणमान्य नागरिकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैंकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिदार, श्रीमती कुसुम सिंह, श्री भीमसेन अग्रवाल,रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,श्री मुरली मनोहर सोनी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सरकार के कार्यों से प्रदेश में आ रही है खुशहाली : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कोंडागांव में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**रायपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कोंडागांव जिला प्रवास के दौरान विश्राम गृह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में 8 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक प्रदेश की जनता अपनी समस्याएं और.मांगें रखीं। अधिकारियों ने ज्यादातर समस्याओं का समाधान कर लिया है। इस दौरान हमने भी मंत्रियों और अधिकारियों के साथ गांव गांव पहुंचकर और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल का बकाया बोनस दिया है, इससे किसानों को काफी लाभ हुआ। प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा के लिए जो कार्य कर रही है, उससे प्रदेश में खुशहाली आ रही है और किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। श्री साय ने आगे बताया कि 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर सरकार ने अटल सेवा केंद्र शुभारंभ किया है, आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश भर में विस्तार किया जाएगा। गांव में ही लेनदेन की सुविधाएं मिलने से अब ग्रामीणों को बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा कृषि वैज्ञानिक के माध्यम से हमारे प्रदेश के किसानों के बीच में बातचीत करेंगे, उनको आधुनिक खेती के विषय में बताएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन में दस नई क्रांति से पारदर्शिता आई है, नियद नेल्लानार योजना से बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल में विकास की रौशनी पहुंची है। इस अवसर पर केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेंडी, पूर्व विधायक श्री सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री बसवराजूऔर कोंडागांव के कलेक्टर, एस पी मौजूद थे।

# बसव राजू मारे जाने के बाद बाकी बचे 25 में से 15 शीर्ष नक्सली सुरक्षाबलों के निशाने पर



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित प्रदेशों में भी लगातार कमजोर होते नक्सल संगठन के इस दौरा में 21 मई को अबूझमाड़ में संगठन का महासचिव और नक्सली संगठन का शीर्षस्थ नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू मारा गया। वर्तमान में लगातार जारी मुठभेड़ में नक्सली संगठन के कई बड़े नेता सहित दूसरी पंक्ति के नक्सली कैडर मारे जा रहे हैं, वहीं नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं गिरफ्तारी से पूरा नक्सली संगठन तहस-नहस हो गया है । सुरक्षाबलों के अनुसार बस्तर संभाग में अब केवल 300 सशस्त्र नक्सली कैडर ही बचे हैं, जिनमें शीर्ष नक्सली कैडर की संख्या लगभग 25 है । नक्सली संगठन का शीर्षस्थ नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू मारे जाने के बाद अब सुरक्षाबलों ने करोड़ो के इनामी 15 शीर्ष नक्सलियों में पोलित ब्यूरो व सेंट्रल कमेटी सदस्यों सुरक्षाबलों के निशाने पर हैं । सुरक्षाबलों का दावा है कि उक्त 15 शीर्ष नक्सलियों में से 9 नक्सली बस्तर के जंगलों में छिपे हुए हैं। प्रदेश में 30 मार्च 2026 तक नक्सलियों के समूल सफाये को लेकर नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. का कहना है कि नक्सली संगठन आज पूर्णतः विघटन की कगार पर है, जहां कोई नेतृत्व नही बचा है, और न ही नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू के मारे जाने बाद उनके उत्तराधिकारी को लेकर चचाएं अब बेमानी हैं, उनकी मौत के साथ ही यह आंदोलन अपनी वैचारिक और संचालन क्षमता भी खो चुका है । यह माना जा सकता है कि नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजु ही इस अवैध नक्सली संगठन का अंतिम महासचिव था । सुरक्षाबलों का लक्ष्य अब शीर्ष नक्सलियों को निशाना बनाना है । उन्होने कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर मिशन अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि तेजी से साकार होती हुई हकीकत है। एक समय आतंक और हिंसा का प्रतीक रहा नक्सल आंदोलन अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है, जबकि शांति और विकास की नई सुबह बस्तर में दस्तक दे चुकी है। अब नक्सली कैडरों के पास एक मात्र सम्मानजनक विकल्प यह है कि वे आत्मसमर्पण करें, हिंसा का रास्ता छोड़ें और समाज की मुख्यधारा में लौटें। सरकार लगातार पुनर्वास और शांतिपूर्ण जीवन की पेशकश कर रही है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत लाभ दिया जाएगा। परंतु यदि कुछ तत्व अब भी इस अवसर को नजर अंदाज करते हैं, तो उनका अंत निकट और निश्चित है।

**सुरक्षाबलों के निशाने पर 15 शीर्ष नक्सलियों में –**

1. मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ, उम्र 74 वर्ष, निवासीः वीरपुर, जिला-करीमनगर, तेलंगाना, शिक्षाः बीएससी, बीईडी, पदः सलाहकार सेंट्रल कमेटी, एके-47 हथियार धारित, इनामी 1 करोड़ 2. मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ अभय, उम्र 69 वर्ष, निवासीः पेद्दापल्ली, करीमनगर, तेलंगाना- शिक्षाः बी. काम, पदः सचिव सीआरबी (सेंट्रल रिजनल ब्यूरो), प्रवक्ता भाकपा माओवादी, इनामी 1 करोड़, 3. थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी, उम्र 61 वर्ष, निवासीः आंबेडकर नगर, कोरूतुला, जिला-करीमनगर, तेलंगाना, शिक्षाः हायर सेकंडरी, पदः प्रभारी सेंट्रल मिलिट्री कमेटी, सीआरबी सदस्य, इनामी 1 करोड़, 4. मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर, उम्र 62 निवासीः सनथल मधुनदी, थाना किर्तन, जिला गिरडीह, झारखंड, शिक्षा स्नातकोत्तर, पदः प्रभारी ईआरबी (इस्टर्न रिजनल ब्यूरो) मिलिट्री, प्रभारी ईआरबी सेंट्रल कमेटी सदस्य, इनामी 1 करोड़, 5. कादरी सत्यनारायण रेडडी उर्फ कोसा उम्र 66 वर्ष, निवासीः गोपालरावपल्ली, मंडल सिरसिला, जिला करीमनगर, तेलंगाना, पत्नी-डीवीसीएम राधक्का-माड़ डिवीजन जनताना सरकार प्रभारी, शिक्षाः हायर सेकंडरी, पदः सीआरबी सदस्य प्रभारी व सचिव डीकेएसजेडसी सचिवालय जोन, 6. पुल्लरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना उम्र 63 वर्ष, निवासीः वेडकापूर, मंडल-पेद्दापल्ली, जिला-करीमनगर, तेलंगाना, पदः सचिव तेलंगाना स्टेट कमेटी व सीआरबी सदस्य, 7. मोडेम बालाकृष्णा उर्फ बालन्ना, उम्र 60 वर्ष, जाति-गोंड निवासीः मदीकोंडा, मंडल धानपुर, जिला वारंगल, तेलंगाना, शिक्षाः हायर सेकंडरी, पदः प्रभारी ओएससी (ओडिशा स्टेट कमेटी) , सीआरबी सदस्य, 8. गणेश उईके उर्फ राजेश तिवारी उर्फ चमरू दादा, उम्र 63 वर्ष, निवासी- पुल्लेमला, मंडल-चंदूर जिला-नालगोंडा, पदः सचिव ओडिशा स्टेट कमेटी, 9. अनल दा उर्फ तूफान दा, उम्र 56 वर्ष, निवासीः झारावाली, थाना डुमरी, जिला गिरिडीह झारखंड, शिक्षाः एमएससी, पदः सचिव बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी (सारंडा जंगल झारखंड क्षेत्र में सक्रिय), 10. गजराला रवि उर्फ उदय, उम्र 58 वर्ष, निवासीः वेलीशाला थाना, जिला वारंगल, तेलंगाना, शिक्षाः हायर सेकंडरी, आइटीआई, पदः सचिव एओबीएसजेडसी (आंध्रा-ओडिशा बार्डर स्पेशल जोनल कमेटी), सीएमसी सदस्य, 11. सब्यसाची गोस्वामी उर्फ अजय दा, उम्र 42 वर्ष, निवासीः एचबी सोदपुर टाउन, रोड नंबर-6, स्नेहलता अपार्टमेंट, पीएस घोला, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, सचिव डब्लूबीएसएसी-1 (पश्चिम बंगाल एरिया स्पेशनल कमेटी) असम, 12. कटटा रामचंद्र रेडडी उर्फ गुड़सा उसेंडी, उम्र 62 वर्ष, निवासीः तिगालागुट्टा पल्ली, मंडल कोहेडा, जिलाः करीमनगर तेलंगाना, कार्यक्षेत्र अबूझमाड़ छत्तीसगढ़ पदः सचिव डीकेएसजेडसी, प्रभारी एसएमसी, प्रभारी उत्तर सब जोनल ब्यूरो, प्रवक्ता डीकेएसजेडसी, 13. सुजाता उर्फ कल्पना, उम्र 60 वर्ष, पति किशनजी (मृत), निवासीः पेंचीकालपेट, मंडल गत्तु जिला-महबुबनगर, तेलंगाना, पदः सचिव दक्षिण ब्यूरो डीएकेएमएस, 14. नरसिम्हा चालम उर्फ सुधाकर, उम्र 66 वर्ष, निवासीः प्रागदावरम, मंडल-चिंतलपुडी, जिला पश्चिम गोदावरी आंध्रप्रदेश, प्रभारी सीआरबी, 15. माडवी हिड़मा उर्फ हिडमन्ना, उम्र 45 वर्ष, निवासीः पुवर्ती, थाना-जगरगुंडा, जिला- सुकमा, छत्तीसगढ़, पदः दक्षिण सबजोनल ब्यूरो सैनिक व सांगठनिक कार्य।

**नक्सली संगठन में नेतृत्व का संकट** – नक्सली संगठन का शीर्षस्थ नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू मारे जाने के बाद संभावित उत्तराधिकारियों की तलाश तेज कर दी है, इस दौड़ में उक्त 15 कुख्यात नक्सली शामिल हैं। वहीं पिछले कुछ समय से नक्सल संगठन में काफी अंतर्कलह की खबरें हैं। ऐसे में संगठन के महासचिव पद पर आम सहमति कायम करना बड़ी चुनौती है। वर्तमान में जो केंद्रीय नेतृत्व है उनकी औसत उम्र भी 62 वर्ष बताई जाती है। आलम यह है कि बारह सदस्यों वाली नक्सलियों की शीर्ष संस्था पोलित ब्यूरो में पांच सदस्य बचे थे, लेकिन बसव राजू की मौत के बाद अब यह संख्या घटकर चार रह गई है। इसी तरह 24 सदस्यीय केंद्रीय कमेटी में अब मात्र 11 सदस्य ही बचे हैं। नक्सली संगठन में नेतृत्व का संकट विगत 5 वर्षों से देखा जा रहा है, जब नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का सचिव तेलंगाना के वारंगल निवासी 2.40 करोड़ का ईनामी रमन्ना उर्फ रावलु श्रीनिवास की मौत बस्तर में ही हार्ट अटैक से मौत होने के बाद यह कलह खुलकर सामने आ गई थी। इस पद पर नई नियुक्ति की घोषणा लंबे समय तक नहीं की गई थी, बाद में गुडसा उसेंडी को प्रभारी सेंट्रल कमेटी का सचिव बना दिया गया।

## राजनांदगांव जिले के ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई और रिजल्ट प्रभावित, शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की है जरूरत



**रायपुर।** राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचल के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं, जिससे परीक्षा परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घोटिया (विकासखंड डोंगरगढ़) में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए कुल 103 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या है, परंतु स्वीकृत 11 पदों के विरुद्ध मात्र 03 व्याख्याता कार्यरत हैं एवं 08 पद रिक्त हैं। शिक्षकों की इस गंभीर कमी के कारण वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 27.27 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत रहा, जो कि चिंताजनक है। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक संख्या में शिक्षक पदस्थ हैं। ठाकुर प्यारेलाल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, राजनांदगांव में 84 विद्यार्थियों की तुलना में 10 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि दर्ज संख्या के अनुसार केवल 04 शिक्षकों की आवश्यकता है। यह स्थिति शिक्षकों के असंतुलित पदस्थापना के कारण है। जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा सीमित संसाधनों के समुचित उपयोग की दिशा में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना नितांत आवश्यक है। इससे सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार आएगा।

## प्रदेश में 10 में से कोरोना के 6 मरीज हैं एक्टिव




**रायपुर।** प्रदेश में कोरोना की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ रही है और अब तक 10 मामले सामने आ चुके है जिनमें 4 मरीज ठीक हो चुके हैं तथा वर्तमान में 6 मरीजों का इलाज चल रहा है। डायरेक्टर (महामारी) डॉ सुरेन्द्र पामभोई ने बताया कि कोरोना पीडितों की संख्या जरूर बढ़ी है, लेकिन 4 पीडित स्वस्थ भी हो चुके हैं। अभी 6 एक्टिव केस हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वैक्सीनेशन अच्छा हुआ है इसलिए कोरोना की लहर आने की संभावना नहीं है। बताया जा रहा है कि राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। शनिवार को दो और मरीज मिले हैं। इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है, जबकि पूरे प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या अब 5 हो चुकी है। आज के दोनों संक्रमितों में एक पुरुष (74 वर्ष) और एक महिला (42 वर्ष) शामिल हैं। पुरुष टाटीबंद महिला प्रेम नगर, मोवा इलाके की निवासी है। इससे संक्रमण के स्थानीय स्तर पर फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। इनमें से एक मरीज की पहचान एम्स ओपीडी में दूसरी संक्रमित महिला मेकाहारा की नर्स है।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा निर्माण ऑफसेट, आदर्श नगर डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड (मोवा थाना के सामने ) मोवा रायपुर से मुद्रित कर वेलकम टॉवर, शंकर नगर फ्लैट नम्बर बी-1 से प्रकाशित ■ प्रधान संपादक -महेन्द्र सिंह टुटेजा, प्रबंध संपादक - नरेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ Email- raipurambikavani@gmail.com






सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर




मधुमक्खी की तरह गुणों रूपी मिठास एकत्र करते रहे।

समाधान शिविर में 272 कृषकों ने भाग लिया - 10

अम्बिकापुर रविवार, 01 जून 2025

■ कन्या महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर- 12

# ....तो सभी व्यवसायी अपनी संस्थान बंद कर जीएसटी आफिस में जमा कर देंगे चाभी

## अधिकारियों पर व्यवसायियों को बेवजह परेशान करने व मनचाही पैनाल्टी लगाने का आरोप,लक्ष्मी ट्रेडर्स पर छापे के बाद हुई नारेबाजी





**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

शहर के प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठान लक्ष्मी ट्रेडर्स पर बीते शाम को जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। छड़ और सीमेंट के सप्लायर राजीव अग्रवाल के इस प्रतिष्ठान पर टैक्स चोरी के आरोपों के तहत जीएसटी के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। इस कार्रवाई से व्यापारी समुदाय में हड़कंप मच गया, और स्थानीय व्यापारी संघ ने इसे टारगेटेड कार्रवाई करार देते हुए तीखा विरोध जताया।

जीएसटी की इस कार्रवाई से नाराज अम्बिकापुर व्यापारी संघ ने तत्काल प्रतिक्रिया दी और छापेमारी को अन्यायपूर्ण ठहराया। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा, यह कार्रवाई चुनिंदा व्यापारियों को निशाना बनाने की साजिश है। जीएसटी विभाग बिना ठोस सबूत के व्यापारियों को परेशान कर रहा है। कार्रवाई के विरोध में व्यापारी संघ के सदस्यों ने लक्ष्मी ट्रेडर्स के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की और जीएसटी विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। बता दें कि बिलासपुर चौक रिंग रोड पर स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स की दुकान में ६ महीने के अंदर तीसरी बार जीएसटी की टीम मार चुकी है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार इस छापे से उन्हें आर्थिक मानसिक और शारीरिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मी ट्रेडर्स में छापे की सूचना पर व्यापारी संघ के भारी संख्या में लोग वहां पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी।

### स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश

लक्ष्मी ट्रेडर्स पर छापेमारी की खबर शहर के अन्य व्यापारियों तक पहुंचते ही बाजार में तनाव का माहौल बन गया। कई व्यापारियों ने इसे जीएसटी विभाग की सख्ती और छोटे-बड़े व्यापारियों पर बढ़ते दबाव के रूप में देखा। व्यापारी संघ ने मांग की है कि ऐसी कार्रवाइयों से पहले ठोस सबूत पेश किए जाएं और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

### आप ही व्यापार करो और आप ही जीएसटी पटाओ

चेम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष कैट रविन्द्र तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार जीएसटी के इस प्रकार के छापे को लेकर अधिकारियों से बातचीत हुई, परंतु अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। किसी व्यापारी से अगर कोई त्रुटि होती है तो प्रथम दृष्टिया में उन्हें अधिकारी जानकारी दें, और अगर वह बार-बार गलती कर रहा है तो उसे पर कार्रवाई जरूर करें। इस पर कोई व्यवसायी कुछ नहीं कहेगा। वर्तमान में जीएसटी में इतने संशोधन किए गए हैं कि इसकी जानकारी सीए तक को नहीं है तो व्यापारी को कहां से होगी। इसके लिए अधिकारियों द्वारा कोई कार्यशाला भी नहीं लगाई जाती। सीधे व्यवसायी के प्रतिष्ठान में छापा मारकर अवैध वसूली के साथ-साथ मनमानी पेनल्टी लगाई जा रही है। इसे पूरा व्यावसायिक समाज आक्रोशित है। अधिकारी अपनी मनमानी नहीं रोकते हैं तो हम सब अपने प्रतिष्ठानों को बंद करके चाबी जीएसटी ऑफिस में दे देंगे। अधिकारी ही व्यापार करें और वही जीएसटी पटाए।

### शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 01 जून से प्रारंभ

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अम्बिकापुर में रिक्त १२ सीटों हेतु वर्ष २०२५-२६ के लिए प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया ०१ जून से प्रारंभ होगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की छात्राओं को कक्षा ६ वीं हेतु आयु ११ वर्ष तथा ९ वीं हेतु आयु १४ वर्ष होना अनिवार्य है। प्रवेश पंजीयन फार्म कन्या क्रीड़ा परिसर छात्रावास अम्बिकापुर में ०१ जून २०२५ से २२ जून २०२५ तक कार्यालयीन अवधी में प्राप्त होगा। पंजीकृत मिडिल स्कूल की छात्राएं २५ जून एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्राएं २६ जून को कन्या क्रीड़ा परिसर अम्बिकापुर में उपस्थित होंगे। चयन प्रक्रिया प्रातः ०७:०० से प्रारम्भ होगी, चयन प्रक्रिया में उछाल, शरीर का उपरी भाग मोडना, दौड़, सिट-अप, पुश-अप, बाल थ्रो, शटल रन, लम्बी कूद, स्टैण्डिग ब्राण्ड जम्प शामिल है। चयन मेरिट के अधार पर होगा मेरिट सूची का प्रकाशन ०१ जुलाई को मध्यान्ह पश्चात होगी। सीटें रिक्त होने पर मेरिट क्रम से भरी जावेगी।

# मवेशियों से धान की फसल को बचाने खेत के चारों ओर लगाया था करंट... दो युवकों की मौत

## जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मौके पर पहुंच ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली





**लखनपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोसगी पंडरीपानी स्थित चूल्हट नाला में धान फसल को मवेशियों से बचाने ग्रामीण ने विद्युत पोल से अवैध हुकिंग कर खेत के चारों ओर तार घेराव किया गया था। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई है।वहीं सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक विष्णु मांझी पिता धनीराम उम्र ४० वर्ष घोघरा पारा ग्राम कुन्नी निवासी जो अपने ससुराल पंडरीपानी लोसगी में निवास करता है। शुक्रवार को निरसाय यादव पिता स्व.पवन साय जाती बरगाह ग्राम लोसगी निवासी के घर छानी छाने विष्णु मांझी गया था। नीर साय यादव शुक्रवार की रात ७ बजे विष्णु माझी को छोड़ने पंडरी पानी खेत के रास्ते जा रहे थे। चूल्हट नाला के पास दोनों युवक पहुंचे ही थे कि रघु मांझी के द्वारा धान फसल को बचाने खेत के चारों ओर लगाए गए विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में विष्णु माझी आ गया। उसे बचाने के लिए नीर साय यादव करंट बंद करने दौड़ा और अनियंत्रित होकर विद्युत प्रवाहित तार के ऊपर गिर गया,जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की सुबह लगभग ५:३० बजे खेत की ओर आए ग्रामीण के द्वारा इसकी सूचना ग्राम सरपंच सहित पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह सहित ग्रामीण जन घटनास्थल के पास पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है। घटना के बाद से परिवारजनों सहित गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। वहीं घटना के बाद किसान रघु मांझी घर से फरार है। इधर लखनपुर पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले जांच में जुटी है।

### फसल बचाने खेत के चारों ओर किसान लगा रहे करेंट

इन दिनों क्षेत्र में किसानों के द्वारा फसल को बचाने खेत के चारों ओर झटका करंट लगाया जाता है और कुछ किसानों द्वारा विद्युत पोल से अवैध हुकिंग कर करंट लगा दिया जा रहा है। करेंट की चपेट में आने से मवेशीयो और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। लखनपुर क्षेत्र के ग्राम बेलदगी में झटका करंट की चपेट में आने से पूर्व में एक बैल की भी मौत हो चुकी है। शासन प्रशासन को चाहिए कि इस पर रोक लगाया जाये ताकि लोग और मवेशी सुरक्षित रहे।

# दरिमा थाना प्रभारी के ऊपर 25000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप,एएसपी से की शिकायत

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

सरगुजा जिले के दरिमा थाना प्रभारी के ऊपर २५००० रुपए रिश्वत मांगने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ अंबिकापुर पहुंचकर एडिशनल एसपी से इस पूरे मामले की शिकायत की है। दरअसल थाना दरिमा क्षेत्र के अरची गांव का यह पूरा मामला है, जहां की पीड़िता ने दरिमा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति और उसकी बहन भाग गयी है,लेकिन दरिमा पुलिस अब तक भागे हुए लोगों को नहीं खोज पाई। वही पीड़िता शिव कुमारी का आरोप है कि जब-जब पीड़िता के पति और बहन को पुलिस खोजने जाती है तब तब गाड़ी और पेट्रोल के लिए पीड़िता से पैसे का डिमांड किया जाता था,और पीड़ित पुलिस को रुपए भी देती थी,लेकिन अब तक पुलिस पीड़िता के पति और बहन को नहीं खोज पाई है। वही पीड़िता अपने पति और बहन को खोजने के लिए पुलिस को कह रही है तो दरिमा थाना प्रभारी, पीड़िता के पति और बहन को खोजने के एवज में २५००० रुपए का डिमांड कर रहे हैं, पीड़िता और ग्रामीण आज जिला पंचायत के उपाध्यक्ष देवनारायण यादव के साथ अंबिकापुर पहुंचे,, और एडिशनल एसपी से इस पूरे मामले की शिकायत की है।








# महिला बंदी अस्पताल से सुरक्षा प्रहरियो को चकमा देकर हुई फरार ...महिला जेल प्रहरी निलंबित

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

एनडीपीएस एक्ट के मामले में सेंट्रल जेल अंबिकापुर से एक महिला बंदी के अस्पताल से सुरक्षा प्रहरियो को चकमा देकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। शुक्रवार की शाम उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका पथरी का ऑपरेशन होना था। सूचना पर जेल प्रबंधन मौके पर पहुंचा और मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। इधर जेल अधीक्षक ने



ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर महिला जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम खैरबार निवासी आरती सोनी पति मनोज सोनी को कोतवाली पुलिस ने १२ अप्रैल को गांजे की बिक्री करते गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, यहां से उसे सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। महिला को पथरी की बीमारी थी। पेट में तेज दर्द होने पर ३० मई की शाम उसे जेल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां महिला बंदी को अन्य महिलाओं के साथ वार्ड में रखा गया था। उस पर नजर रखने के लिए महिला जेल प्रहरी साधना की ड्यूटी लगाई गई थी।

रात करीब १-२ बजे के बीच महिला बंदी आरती सोनी जेल प्रहरी को चकमा देकर वहां से फरार हो गई। महिला के फरार होने के बाद वहां हडकंप मच गया। सूचना पर जेल प्रशासन मौके पर पहुंचा। इधर मणिपुर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए जेल अधीक्षक अक्षय राजपूत ने महिला जेल प्रहरी साधना को सस्पेंड कर दिया है।

### स्वच्छ भारत अंतर्गत 585 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

राज्य सरकार की अभिनव पहल अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार आम जनता की मांगों और शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बना है। मैनपाट के नर्मदापुर क्लस्टर में आयोजित समाधान शिविर में महिलाओं के सम्मान और गरिमा को प्राथमिकता दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय की मांग का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया गया।ग्राम अमगवां की जयमनी किंडो और ग्राम कुनियां की सोनमती यादव ने बताया कि उन्होंने अपने-अपने ग्राम पंचायत भवन में आयोजित सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय की मांग रखी थी।

# सूरजपुर क्षेत्र व अम्बिकापुर में नशीले इंजेक्शन के साथ दो व्यापारी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने जिला सूरजपुर एवं सरगुजा में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है नशीले इंजेक्शन के दो व्यापारियों को जेल दाखिल किया है।

आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े सर के निदेर्शानुसार तथा आबकारी उपायुक्त विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी उड़नदस्ता टीम नशे के सौदागरों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। आज

३१ मई को आबकारी उड़न दस्ता टीम को नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध बड़ी कामयाबी हाथ लगी।



मुखबिर की सूचना पर थाना जयनगर ग्राम करवां निवासी अहमद अंसारी के कब्जे से ५६ व ३६ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है। थाना अंबिकापुर के मोमिनपुरा निवासी तफसीर आलम उर्फ आरजू के कब्जे से लगभग ८२ नग नशीला इंजेक्शन जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा २२ (सी) के तहत गिरफ्तार कर आरोपी अहमद अंसारी को माननीय न्यायालय सूरजपुर एवं दूसरे आरोपी तफसीर आलम को माननीय न्यायालय अंबिकापुर में पेश किया गया। उक्त दोनों कारवाई सहायक जिला आबकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा की गई ।।कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक टी आर केहरी भी उपस्थित रहे तथा मुख्य आरक्षक कुमारु राम रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी एवं संगीता तथा वाहन चालक उशल खुटे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समाधान शिविर में 272 कृषकों ने भाग लिया



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के निदेर्शानुसार देशभर में २९ मई से १२ जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक शोध और कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुँचाना है के तहत आज दिनांक ३० मई को सरगुजा संभाग अंतर्गत अंबिकापुर ब्लॉक के ग्राम मेंड्राकला, रामपुर एवं लखनपुर ब्लॉक के ग्राम बगदरी, चांदो में जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया ।इस अभियान के तहत अंबिकापुर ब्लॉक के ग्राम मेंड्राकला, रामपुर से लगभग २१० तथा लखनपुर ब्लॉक के ग्राम बगदरी, चांदो से लगभग २७२ कृषकों ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयो पर परिचर्चा करते हुए समस्या का निदान प्राप्त किया ।इस अभियान के तहत रथ के माध्यम से शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न हितकारी योजनाओ के बारे कृषकों को जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के साथ ही समस्याओ का निराकरण किया जा रहा है।

# जिला केंद्रीय सहकारी बैंक घोटाला, ब्रांच मैनेजर सहित 4 अधिकारी बर्खास्त

## 28 करोड़ के घोटाले के आरोप में 11 अधिकारी-कर्मी किए गए हैं गिरफ्तार, दो के खिलाफ डीई का आदेश

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, सरगुजा के अंतर्गत संचालित शंकरगढ़ एवं कुसमी बैंक के ब्रांचों में २८ करोड़ रुपए के घोटाले में शामिल ब्रांच मैनेजर सहित चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। सहकारी बैंक के संचालक मंडल की बैठक में यह कार्रवाई की गई है। दो अधिकारियों के खिलाफ डीई का आदेश दिया गया है। घोटाले की रकम संबंधित कर्मचारियों से वसूल की जाएगी। मामले में बैंक के १२ अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर हुई है। इनमें ११ गिरफ्तार किए गए हैं। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के संचालक मंडल की बैठक बैंक के प्राधिकृत अधिकारी व सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षा में हुई।



बैठक में बैंक मैनेजर अशोक सोनी, अतिरिक्त प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद पांडेय, समिति प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सहायक लेखापाल जगदीश भगत को बर्खास्त कर दिया गया है। प्रभारी लिपिक तबारक अली और शाखा प्रबंधक लक्ष्मण देवांगन की विभागीय जांच की जा रही है। एक अन्य अधिकारी विजय उइके को दूसरे घोटाले में बर्खास्त कर दिया गया है। संचालक मंडल की बैठक में घोटाले की राशि संबंधितों से वसूल करने का निर्णय लिया गया है। घोटाले में मुख्य भूमिक तत्कालीन शाखा प्रबंधक अशोक सोनी एवं राजेंद्र पांडेय की बताई गई है। नाबार्ड में शिकायत के बाद जांच के आदेश दिए गए थे। उस समय राजेंद्र पांडेय प्रभारी अतिरिक्त प्रबंधक थे। उन्होंने रिपोर्ट दी थी कि कोई भी घोटाला नहीं हुआ है।

**तीन अधिकारी हो चुके हैं रिटायर**

घोटाले में कुल ११ आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें अंबिकापुर निवासी वरिष्ठ पर्यवेक्षक विकास चंद पांडवी, दरिमा निवासी मुख्य पर्यवेक्षक एतबल सिंह एवं बलरामपुर के भगवतपुर निवासी मुख्य पर्यवेक्षक सबल साय नौकरी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इन्हें भी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

**अब तक २८ करोड़ का घोटाला उजागर**

बैंक के खातों की साल २०१२ से २०२४ तक की आडिट में शंकरगढ़ और कुसमी बैंक शाखाओं से २३ करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। अब बैंकों के खातों के ऑडिट में घोटाले की रकम २८ करोड़ रुपए हो गई है। सभी अकाउंट की जांच की जा रही है। मुख्य आरोपी शंकरगढ़ के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार सोनी शाखाओं में १० सालों तक पदस्थ रहे। उन्होंने बैंक में फर्जी खाते खोले। समितियों के खातों और फर्जी खातों के साथ ही बैंक के खाते से बड़ी रकम की कैश निकासी की गई। ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किए गए।

**आरोपियों के खाते में ट्रांसफर हुए पैसे**

जांच में पता चला है कि, अशोक कुमार सोनी के खाते में १ करोड़ ३६ लाख रुपए, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश कुमार सिंह के खाते में ४ लाख ६४ हजार रुपए, महामाया कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते में ३० लाख रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। बैंक के सभी खातों में ट्रांजैक्शन की जांच की जा रही है।

# गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मना





**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में सिखों के पांचवे गुरु शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व बड़े ही भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया इस अवसर पर सुबह १०:३० बजे से हजूरी जत्था ज्ञानी छतर सिंह के द्वारा रसमय शब्द कीर्तन कर उपस्थित संगत को निहाल किया गया तत्पश्चात सरदार नरेन्द्र सिंह टुटेजा जितेन्द्र सिंह सोढ़ी लक्की सिंह बल के द्वारा गुरु अर्जन देव के शहीदी पर्व पर अपने विचार रखे गए। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने भी गुरु पर्व पर अपने विचार रखें और बताया की किस तरह उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।इस अवसर पर सुबह ११ बजे से ही मीठे शरबत और चने का छबील गुरुद्वारे के सामने लगाया गया था। साथ ही गुरु का अटूट लंगर भी चलता रहा ।कार्यक्रम का संचालन सचिव सरदार हर्षदीप सिंह धन्जल ने किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह बग्गा इंद्रजीत सिंह धन्जल गुरबचन सिंह खालसा सुरेन्द्र सिंह भामरा मनजीत सिंह भामरा हरमिंदर सिंह छाबड़ा पृथ्वी पाल सिंह धन्जल गुरमीत सिंह जुनेजा अमरजीत सिंह छाबड़ा जगजीत सिंह धन्जल सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी अमनदीप सिंह छाबड़ा प्रीतपाल सिंह मथारू रविंद सिंह टुटेजा जगदीप सिंह छाबड़ा पपिंदर सिंह विल्खू मिंटू मिंटू भामरा और समूह साध संगत उपस्थित थी साथ ही युवा समिति के हरप्रीत सिंह पाबियाल पूरी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे ।ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा ने दी है।

मीडिया प्रभारी सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा वन बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने देश और धर्म के लिए जो बलिदान होने की मिसाल दी है वह अभूतपूर्व है यह मिसाल इतिहास के पन्नों पर और लोगों के दिलों दिमाग में अंकित है। मानवता की रक्षा के लिए यह पहली शहादत थी तभी गुरु जी को शहीदों का सरताज कहा जाता है मुगलों की भयंकर यातनाओं को सहते हुए देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु अर्जन देव जी ने अपनी शहादत थी तभी से इस दिन शहीद दिवस मनाया जाता है।

# सिविल अस्पताल रामानुजगंज में किस्मत नर्सिंग कॉलेज द्वारा मना विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**
किस्मत बहुउद्देशीय सोसायटी द्वारा संचालित किस्मत नर्सिंग कॉलेज में ३१ मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल रामानुजगंज में जन जागरूकता हेतु संस्था के छात्र - छात्राओं के द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नाटक का आयोजन किया गया गया । किस्मत नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं द्वारा बताया गया की विश्व तम्बाकू निषेध दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन ने १९८७ में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों पर लगाम लगाने के लिए इस दिन की शुरूआत की थी। पहली बार ३१ मई १९८८ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसके बाद से हर साल यह दिन वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा।




हर साल ३१ मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। छात्राओं ने बताया इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। तंबाकू से हर साल दुनिया में ८० लाख से ज्यादा लोगों की मौत होती है।, यह दिन तंबाकू और उससे जुड़ी बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों संबंधित बीमारियां आदि के खतरे होते है खासकर युवाओं और बच्चों को तंबाकू से दूर रहना चाहिए।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस २०२५ की थीम**

उज्ज्वल उत्पाद अंधेरे इरादे, इस पूरे कार्यक्रम की प्रस्तुति पांचवे सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया द्य जिसमें किस्मत नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या तितिक्षा राज एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# 200 ठेला एवं गुमटी को प्रशासन द्वारा बिना सूचना हटाने का विरोध,कांग्रेसी नेताओं ने दिया धरना

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
बलरामपुर जिले के सनावल में अतिक्रमण के खिलाफ लगभग २०० ठेला एवं गुमटी को प्रशासन द्वारा बिना सूचना के हटा दिया गया जिससे व्यापारियों में काफी रोष व्याप्त है। व्यापारियों के समर्थन में कांग्रेसी नेताओं द्वारा एक दिन का धरना प्रदर्शन सनवाल चौक में किया गया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री का पुतला दहन भी किया गया। इस कार्रवाई में सनवाल चौक के आसपास छोटे व्यापारी गरीब परिवार द्वारा अपने जिविको पार्जन के लिए गुमटी ठेला रखकर सामान बेच रहे थे, लेकिन अचानक २८ मई को प्रशासन द्वारा तहसीलदार एसडीएम रामानुजगंज द्वारा कार्रवाई करते हुए सनवाल में सड़क किनारे ठेला गुमटी को क्रेन से हटा दिया गया। इसके विरोध में



कांग्रेस नेता पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मोहन सिंह जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव एवं नंदलाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में व्यापारी एवं कार्यकताओं द्वारा सनवाल चौक में एक दिन का धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया और स्थानीय कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार को जन विरोधी एवं गरीब लोगों के पेट में लात मार कर अमीर लोगों की पार्टी बताते हुए पूर्व महापौर ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सनवाल जैसे छोटे जगह में गरीब जो छोटे व्यापारी ठेला गुमटी रखकर अपना जिविकोपार्जन कर रहे हैं उनको हटाना सरासर गलत है। क्या यहां पर स्थानीय मंत्री द्वारा ताजमहल बनाने की योजना बनाई जा रही है। यहां पर जो गरीब अपना पेट पालन कर रहे हैं वह कहां जाएंगे। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस धरना प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में जन समुदाय उपस्थित थे। और सभी का समर्थन मिला। भविष्य में चेतावनी दी गई कि इस प्रकार की कार्रवाई अगर होगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस धरना आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मोहन सिंह, युवा नेता नंदलाल सिंह ,डॉ अजय तिर्की ,संतोष यादव ,संजय यादव, मोहम्मद महफूज इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस का कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के बाद डॉक्टर अजय तिर्की एवं संतोष यादव द्वारा राजपाल के नाम सनवाल थाना प्रभारी को ज्ञापन दिए ।

# नाबालिग लड़की को दिल्ली घुमाने और काम दिलाने के नाम पर 1 वर्ष पूर्व बेचा, सीतापुर क्षेत्र का मामला

## पथ प्रदर्शक संस्था के साथ परिजन पहुंचे थाने, दी जानकारी

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा में ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामलें थमने का नाम नहीं ले रहें है। यहां के भोले-भाले ग्रामीणों में जागरूकता का अभाव होने के कारण यहां के ग्रामीणों को बड़े शहरों में काम दिलाने के नाम पर कई एजेंटों के द्वारा अपने चंगुल में फंसाकर उन्हें दिल्ली और उत्तराखंड सहित अन्य बड़े दीगर राज्यों में बेचा जा रहा है। ताजा मामला फिर एक बार सरगुजा जिले के सीतापुर थानाक्षेत्र से निकलकर सामने आया है जहां एक १६ वर्षीय नाबालिग लड़की को दिल्ली घुमाने और वहां काम दिलाने के नाम पर ०१ वर्ष पूर्व बेच दिया गया,वहीं इस करतूत का खुलासा करते हुए एनजीओ के रूप में काम कर रही पथ प्रदर्शक संस्था के साथ ग्राम पेटला निवासी परिजनों ने सीतापुर पुलिस थाने पहुंचकर सीतापुर पुलिस से फरियाद लगाते हुए लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके गांव पेटला की रहने वाली रीना नामक एक युवती द्वारा उनकी १६ वर्षीय नाबालिग लड़की को दिल्ली में घुमाने और वहां काम दिलाने के नाम पर ०१ वर्ष पूर्व दिल्ली ले जाया गया गया और वहां उनकी नाबालिग बेटी को बेच दिया गया।

उन्होंने कई बार अपनी नाबालिग बेटी से संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हुआ। हाल ही में उनकी नाबालिग लड़की ने अपने परिजनों को फोन करके जानकारी दी कि ग्राम पेटला की रहने वाली रीना नामक युवती द्वारा उसे दिल्ली में बेचा गया, जहां से उसे उत्तराखंड के देहरादून में शिफ्ट कर दिया है, जहां उससे काम कराया जाता है और उसे घर जाने तो दूर घरवालों से फोन पर बातचीत भी नहीं करने दिया जाता है जिससे वो अपने घर वापस लौटने के लिए काफी चिंतित है। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने जब एनजीओ पथ प्रदर्शक संस्था के साथ मिलकर रीना नामक युवती की पता तलाश और बातचीत की तो उसने उनकी नाबालिग लड़की की जानकारी नहीं होने की बात कहीं। जिसके बाद परिजन सीतापुर पुलिस थाने पहुंचे और इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से फरियाद लगायी कि उनकी नाबालिग बेटी को वापस लाया जाएं और रीना नामक युवती के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएं।

**मामला गंभीर,दोषियों पर होगी कड़ी कारवाई-थाना प्रभारी**

मामले में सीतापुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार जायसवाल ने बताया कि मामला काफी गंभीर है इसलिए उन्होंने इसकी जानकारी सरगुजा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दी है और उन्होंने दावा किया है जल्द ही टीम बनाकर नाबालिग लड़की को सकुशल घर वापस लाने के लिए टीम बनाई जाएगी ताकि उसकी वापसी हो सकें और दोषियों पर कड़ी कारवाई की जा सकें।

# पुण्य श्लोक अहिल्याबाई ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेको काम किया- ओमप्रकाश जायसवाल

## अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन

**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर के वार्ड क्रमांक ९ में स्थित काका लरंगसाय कम्युनिटी हॉल में नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के तत्वावधान में पूण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वी जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन रेड क्रॉस सोसायटी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीला जायसवाल वरिष्ठ अधिवक्ता आरके पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल अग्रवाल, समाजसेवी सुभाष जायसवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, एस डी एम देवेन्द्र प्रधान ,सुभाष केशरीसहित नगरपालिका के पार्षदों के विशिष्ट आतिथ्य में धूमधाम से मनाते हुए उनके पुनीत कार्यों को याद किया गया और उन्हें एक महान शासक और समाज सेविका बताया।

समारोह के मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुण्य श्लोक अहिल्याबाई ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेको काम किया। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के लिए अस्त्र शस्त्र की शिक्षा भी दी। अहिल्याबाई का जन्म ३१मई १७२५ को महाराष्ट्र के






अहमदनगर जिले के जामखेड कस्बे के ग्राम चांडी में हुआ था। अब इस जिले को अहिल्यानगर कहा जाता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय प्रिय और जन कल्याणकारी नीतियों को अपनाया उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया उनके द्वारा कई धार्मिक स्थलों और मंदिरों का निर्माण करवाया गया, उन्होंने कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनेको प्रयास किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विविध आयोजनों के माध्यम से इनकी जयंती मनाई जा रही है उनकी जयंती पर हम सबको उनके आदर्शों और योगदान को याद रखते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम को एसडीएम देवेंद्र प्रधान वरिष्ठ अधिवक्ता आरके पटेल, समाज सेवी सुभाष जायसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने समारोह को संबोधित करते हुए पुण्य श्लोक अहिल्याबाई की जीवन से जुड़े विभिन्न मार्मिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उसे आत्मसात करने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से बलरामपुर नगर पालिका के अध्यक्ष लोधी रोम एक्का वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा, पार्षद सुरेश पुरी, विजय रावत, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, पवन गुप्ता, पुष्पा ओम ठाकुर, भाजपा नेत्री चंदा सिंह, ललिता प्रमोद कश्यप, एस पी निगम, विनोद जायसवाल, सुमिला कुशवाहा, अशोक जैन, हरिवंश मेहता, दिलीप केशरी, ओम गुप्ता, लालमन सोनी, टी आर शर्मा, विपिन पाठक, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, श्रवण यादव, कमाल अहमद, अंकित गुप्ता, अनूप कश्यप, बालकेश प्रजापति मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार, अजय गुप्ता, विनोद केशरी, प्रवीण पासवान, जगदीश राम सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

**२४ स्वच्छता दीदी को किया गया सम्मानित**

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रगति वन महिला समूह की २४ स्वच्छता दीदियों को कार्यक्रम के दौरान साड़ी देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने स्वच्छता दीदी के कार्यों की जमकर प्रशंसा की।

## श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल द्वारा गौ सेवा केंद्र में सेवा कार्य सम्पन्न

**बिलासपुर।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल ने मंडल अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में 29 मई को मानवता एवं करुणा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री गोपाल कामधेनु गौ सेवा केंद्र, बिलासपुर में सेवा कार्य संपन्न किया। इस पुनीत अवसर पर महिला मंडल की ओर से बेसहारा एवं घायल गौवंशों के भोजन हेतु (भूसा, चोकर, चारा, गुड़, केला आदि) तथा उपचार एवं देखभाल हेतु ?21,000 की राशि की दवाइयाँ सहयोग स्वरूप केंद्र के संचालक श्री शत्रुघ्न यादव को भेंट की गईं।यह संस्था लगभग 45 गौ एवं बछड़ों को आश्रय एवं सेवा प्रदान कर रही है। ये सभी निरीह प्राणी सड़क दुर्घटनाओं एवं मानवीय अत्याचारों का शिकार होकर बेसहारा हो चुके हैं। गौ सेवा केंद्र द्वारा की जा रही यह सेवा कार्य न केवल अत्यंत संवेदनशील है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

महिला बंदी अस्पताल से सुरक्षा प्रहरियो को चकमा देकर हुई फरार पेज 09



# 1 करोड़ के ईनामी नक्सली देवजी के नाम उसकी पोती सुमा ने लिखा पत्र, परिवार के सदस्य आपका कर रहे इंतजार

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मुठभेड़ में नक्सली संगठन का सरगना नंबाला केशव राव उर्फ बशव राजू के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन के महासचिव की दौड़ में शामिल थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी, उम्र 61 वर्ष, निवासीः आंबेडकर नगर, कोरूतुला, जिला-करीमनगर, तेलंगाना, पदः प्रभारी सेंट्रल मिलिट्री कमेटी, सीआरबी सदस्य, इनामी 1 करोड़, के नाम उसकी पोती ने पत्र लिखा और वीडियो जारी किया ।वह अपने दादा से वापस लौटने की अपील कर रही है, पत्र और वीडियो संदेश तेलगू भाषा में जारी किया गया है।

पत्र और वीडियो संदेश में देवजी की पोती सुमा देवजी से कह रही है कि दादा जी मुझे हमेशा आपसे मिलने का मन करता है, पर दुर्भाग्यवश मुझे वह मौका कभी नहीं मिला। जब भी मैं मीडिया में आपके बारे में पढ़ती हूं तो मुझे आप पर गर्व और दर्द का एहसास होता है, पर हाल की घटनाओं को देखकर बहुत दुख भी होता है। मैं सच्चे दिल से चाहती हूं कि इन कठिन परिस्थितियों में आप घर वापस आ जाएं। परिवार में ऐसे सदस्य भी हैं जो वर्षों से आपका इंतजार कर रहे हैं । आप सोचें कि इतने वर्षों में क्या कठिनाइयां रहीं होंगी ।इसके साथ ही देव जी की पोती सुमा ने सुरक्षाबलों के ऑपरेशन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि, ऑपरेशन कगार क्यों? पाकिस्तान और बांग्लादेश से हमारे देश में घुसपैठ करने वालों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है? माओवादियों की निर्मम हत्या और मिठाई बांटते देख मुझे बहुत दुख होता है। अंत में मार्मिक अपील करते हुए सुमा ने लिखा- हमारा परिवार दरवाजे पर आपका इंतजार कर रहा है। हम आपको प्यार से आमंत्रित कर रहे हैं आप वापस आ जाएं।

1 करोड़ के ईनामी नक्सली थिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी की पोती सुमा के पत्र का हिन्दी अनुवाद

प्रिय दादाजी (टिपिरि तिरुपति उर्फ देव जी), सर्वप्रथम आपके चरणों में मेरा प्रणाम, आशा है कि आप अच्छे हैं। हर बार जब आपका नाम लिया जाता है, तो मुझे एक अज्ञात गर्व और दर्द का एहसास होता है। आपके विचार, आपका साहस, आपकी दृढ़ता- ये सब मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। मुझे हमेशा आपसे मिलने का मन करता लेकिन दुर्भाग्यवश मुझे वह मौका कभी नहीं मिला। जब भी मैं प्रेस में आपके बारे में पढ़ती हूं, मुझे आप पर गर्व होता है कि आप कितने महान हैं। हाल की घटनाएं देखकर बहुत दुख हुआ, आप इस देश को समतावादी समाज बनाने के लिए गए थे। आप कैसे हैं, दादाजी? मैं सच्चे दिल से चाहती हूं कि आप वापस आएं। इन कठिन परिस्थितियों में आप घर वापस आ जाइए। परिवार के सदस्य सालों से आपका इंतजार कर रहे हैं। कृपया उन्हें मत भूलना। आंदोलन और लोगों के प्रति आपका कितना प्रेम है। हम सब आपका इंतजार कर रहे हैं। यदि आप सोचें कि इतने वर्षों में कठिनाई क्या रही, तो आपने बहुत कुछ जीता है और बहुत कुछ किया है, जान पड़ता है। मैं समझती हूं लेकिन इसका क्या मतलब है। वे कन्नोला छोड़कर गायब हो गए, उन्होंने शहर और नाम छोड़ दिया ताकि पेडोडी की परेशानियां खत्म हो जाएं। सुख-सुविधाएं त्यागकर वन का मार्ग अपनाया। क्या ऑपरेशन कगार में कोई गलती हुई? क्या उच्च शिक्षा छोड ?ा उचित है, क्योंकि अस्तित्व मानवीय है? क्या इसका कारण यह है कि उन्होंने अत्याचारी सरदारों को रास्ते में खड़ा कर दिया? क्या इसका कारण यह है कि वे अपनी कारें और बंगले छोड़कर टेंटों में रहते है क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने सोचा था कि हम खुशी के बिना भी कुछ हासिल कर लेंगे? आप उनके बारे में क्या जानते हो? आंदोलन को चुनने का कारण ये राजा, राजनीति है। ऑपरेशन कगार के नाम पर मुठभेड़ में मारे गए लोगों के कई परिवार आंसू बहा रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि हमारे देश के बच्चों, माओवादियों पर अधिक कार्रवाई क्यों की जा रही है, बजाय उन लोगों के जो पाकिस्तान और बांग्लादेश से हमारे देश में घुसपैठ करके आए हैं। वे हमारे नागरिकों की हत्या कर रहे हैं। माओवादियों की निर्मम हत्या और मिठाई बांटते देख समझ नहीं आता कि यह किसका सम्मान है। ये परिस्थितियां मुझे बहुत दुखी करती हैं। वे आएंगे। हमारा परिवार अभी भी आपके लिए दरवाजे पर इंतजार कर रहा है, हम आपको प्यार से आमंत्रित करते हैं।

## रेत से लदे ट्रेलर ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल, एक की मौत, दो गंभीर

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र के धोराबाठा मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर को रेत से लदे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया जिसमें अक्षय कश्यप नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर चालक नशे की हालत में था और टक्कर के बाद घटनास्थल से फरार हो गया। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि अक्षय का शव ट्रेलर के पहिए में फंस गया और शरीर दो हिस्सों में बंट गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय अक्षय कश्यप कसडीहा गांव का निवासी था और शुक्रवार को अपने दो साथियों के साथ पाली आया था। दोपहर को काम खत्म करने के बाद तीनों युवक बाइक से गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो युवकों को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रेलर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पाली पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। परिजनों को ट्रेलर मालिक द्वारा एक लाख रुपये और प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। परिजनों ने बताया कि अक्षय मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और वही घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।

## टीआई से लेकर सहायक उप निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मी हुए इधर से उधर

जांजगीर-चांपा। जिले के पुलिस विभाग में टीआई से लेकर सहायक उप निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मी इधर से उधर किए गए है। उक्त आदेश पुलिस कप्तान विजय कुमार पाण्डेय ने जारी किया। जारी आदेश के मुताबिक बलौदा थाना प्रभारी मनीष तम्बोली को पुलिस लाइन शिकायत शाखा भेजा गया है, निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव को बम्हनीडीह थाना से स्थानांतरित कर बलौदा थाना की कमान सौंपी गई है। वहीं निरीक्षक कमलेश शेंडे को यातायात थाना से स्थानांतरित कर बम्हनीडीह थाना प्रभारी बनाया गया है।

## तुर्की के वामपंथी संगठन द्वारा हजारों निर्दोष के मौत का जिम्मेदार बसव राजू से संबंधित जारी वीडियो की प्रामाणिकता जांच का विषय - सुदरराज पी.

जगदलपुर। नक्सली संगठन के चीफ नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू की मौत पर तुर्की के वामपंथी संगठन ने सरकार की निंदा करते हुए वीडियो जारी किया। वीडियो में टर्किश वामपंथी उग्रवादी अपना चेहरा ढककर एक बयान पढ़ता दिखाई दे रहा है। इससे साफ होता है कि देश में सक्रिय वामपंथी माओवादियों यानि नक्सलियों का संपर्क अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है ।

इस पर आज बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि तुर्की के वामपंथी उग्रवादी संगठनों द्वारा मृत सीपीआई (माओवादी) महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू से संबंधित जारी वीडियो की प्रामाणिकता और मौलिकता जांच का विषय है। लेकिन सच्चाई यह है कि न केवल बस्तर के लाखों-लाख निवासी, बल्कि पूरे देश के नागरिक सीपीआई (माओवादी) के सरगना नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू की मौत के बाद स्वयं को आजाद और प्रसन्न महसूस कर रहे हैं। क्योंकि नंबाला केशव राव उर्फबसव राजू कोई और नहीं बल्कि एक क्रूर, अप्रासंगिक और विफल विचारधारा का प्रवर्तक था, जो हजारों निर्दोष आदिवासी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के मौत का लिए ज़िम्मेदार रहा है।

उन्होने कहा कि प्रतिबंधित और अवैध सीपीआई (माओवादी) संगठन के कैडरों और समर्थकों द्वारा नक्सली संगठन का सरगना नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू के रक्तरंजित क्रूर इतिहास को छिपाकर उनके क्रूर अतीत को महिमामंडित करने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा । दुनिया अब नक्सलवाद का असली और भयानक चेहरा देख चुकी है, जो कि पूरी तरह से आदिवासी विरोधी, अमानवीय और विकास विरोधी है। हम सरकार के उस संकल्प के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं, जिसका उद्देश्य बस्तर को नक्सलवाद के चंगुल से मुक्त कर, क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करना है, जैसा कि बस्तर की मूल आबादी की इच्छा है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में बुधवार 21 मई को नक्सल विरोधी अभियान में इतिहास रचते हुए, जिस नक्सली का देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया था। नक्सलियों का नक्सली संगठन का सरगना दस करोड़ का ईनामी नम्बाला केशव राव उर्फ बशव राजू उर्फ गगन्ना को मार गिराया गया था।

### जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 4 जून को

बीजापुर, । जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 4 जून को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी ।


तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry)
डॉ. बी.बी. कुमार
डॉ. आकाश गर्ग MBBS, DNB (MEDICINE)
डॉ. विनय कुमार
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neuro Surgery
डॉ. सलमान MD Medicine (Mumbai)
डॉ. निशांत कुमार साहू
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
01 जून 2025, प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर, मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्धः-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे शासकीय अस्पताल रोड़, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें। आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी., ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता: माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

## रक्षा खरीद में अब कम लगेगा समय, मंत्रालय ने घटाई समयसीमा

**नई दिल्ली ,31 मई (ए)।** रक्षा मंत्रालय ने रक्षा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में लगने वाले समय को काफी कम कर दिया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस सुधार से सैन्य उपकरणों की खरीद में लगने वाला काफी समय बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा खरीद में व्यापक सुधार और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा सचिव ने बताया कि इस सुधार के बाद रक्षा खरीद की पूरी प्रक्रिया में लगभग 69 सप्ताह का समय बचेगा। रक्षा सचिव ने बताया कि रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 में बदलाव किए जा रहे हैं। इन बदलावों के तहत, पारंपरिक नामांकन-आधारित लागत-प्लस खरीद प्रणाली को प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल में बदला जा रहा है। इस नई प्रणाली के तहत सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की कंपनियां ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पोत निर्माण और एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) प्रोजेक्ट में पहले ही इन बदलावों को लागू कर दिया गया है।

1 करोड़ के ईनामी नक्सली देवजी के नाम उसकी पोती सुमा ने लिखा पत्र, परिवार के सदस्य आपका कर रहे इंतजार...पेज 11



## शिक्षक साझा मंच का एलान,अतिशेष काउंसलिंग का करेंगे पूर्ण बहिष्कार

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** विभाग द्वारा आनन-फानन में अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी कर बिना दावा आपत्ति का समय दिए काउंसलिंग कराने से भड़के शिक्षक संगठनों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए काउंसलिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा वर्तमान में शालाओं व शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का फैसला किया गया है।युक्तियुक्तकरण नियम में अनेक खामियां है।खामियों को उजागर कर विभिन्न संगठनों ने उच्च अधिकारियों से अपनी बात रखी लेकिन अधिकारियों ने केवल आश्वाशन ही दिया दूसरी ओर प्रक्रिया को जारी रखने निर्देश जारी किया। शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदेश के २३ प्रमुख शिक्षक संगठनों ने शिक्षक साझा मंच बनाते हुए २८ मई को एक दिवसीय आंदोलन कर मंत्रालय घेराव किया।सचिव स्तर की वार्ता भी हुई लेकिन वार्ता बेनतीजा रहा।वार्ता विफल होने से शिक्षक साझा मंच ने संभाग स्तरीय क्रमिक आंदोलन करने का निर्णय लिया।घबराए शासन ने अवकाश के दिन सूची प्रकाशन कर बिना दावा आपत्ति लिए काउंसलिंग कराने का निर्णय लिया है।शिक्षक साझा मंच ने आज इस संबंध में वर्चुवल बैठक कर काउंसलिंग का बहिष्कार करने का निर्णय कर सभी शिक्षकों से अपील की है कि कोई भी शिक्षक साथी काउंसलिंग में भाग न लें।सभी साथी चाहे वो अतिशेष के दायरे में आते हो चाहे न आते हो सभी काउंसलिंग स्थल कन्या विश्रामपुर के बगल में अयप्पा ग्राउंड में एकत्र हो इस दोषपूर्ण नियमावली व काउंसलिंग का विरोध करें। एकमत होकर निर्णय लिया गया कि लड़ाई को जनहित और छात्रहित में जनता जनार्दन, छात्र , अभिभावक,बेरोजगार, रसोईया, सफाई कर्मियों के साथ मिलकर इस आवाज को छत्तीसगढ़ शासन ,केंद्र सरकार एवं समस्त संवैधानिक संस्थाओं तक पहुंचाई जावेगी। लोक हितार्थ परिणाम प्राप्ति तक अनवरत लड़ाई लड़ी जाएगी।३१ मई २०२५ के वर्चुवल बैठक में शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक सचिन त्रिपाठी, यादवेन्द्र दुबे,भूपेश सिंह, विजय साहू,गोपाल विश्वकर्मा, निर्मल भट्टाचार्य, राजकुमार सिंह सहित समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

**आज से काउंसलिंग...**

इधर शिक्षा विभाग ने आज से युक्तियुक्तीकरण २०२५ अंर्तगत अतिशेष की श्रेणी में आने वाले शिक्षकों के लिए काउंसलिंग आयोजित की है।जिसके तहत युक्तियुक्तकरण के लिए अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग ०१ जून से ०३ जून तक, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में ०९ से ०५ बजे तक के लिए निर्धारित की गई है। अतिशेष की श्रेणी में आने वाले शिक्षकों को निर्धारित स्थल पर तय समय सीमा में उपस्थित दर्ज करनी है ।

## समीक्षा बैठक में एसएसपी ने की थानेदारों से वन टू वन चर्चा



**०० विभागीय कार्यो में गति, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश**

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शुक्रवार को आयोजित मैराथन बैठक में डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थाना प्रभारियों से वन टू वन चर्चा करते हुए थाना क्षेत्र के पेंडिंग अपराधों व महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से की और विभागीय कार्यो में गति, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में कई दिशा-निर्देश दिए।बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों में शामील किए गए तकनीकी व प्रक्रियागत नवाचारों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने, तकनीक का बेहतर उपयोग कराने, संवेदनशील रहते हुए बेहतर पुलिसिंग एवं अपराधों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यशैली को लेकर कई दिशा-निर्देश प्रभारियों को दिए। इस दौरान डीआईजी/एसएसपी ने १-२ थानों में तय लक्ष्य अनुसार निकाल न होने पर प्रभारियों को कड़ी हिदायत दी और तत्परतापूर्वक लंबित मामलों का निकाल के निर्देश दिए। बैठक में ऑपरेशन तलाश के तहत गुमशुदा लोगों की दस्तयाबी गंभीरतापूर्वक कराने, अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने, क्राईम डिटेक्शन हेतु उपलब्ध तकनीकी एप्लीकेशनों का पूरा उपयोग करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, लंबित आपराधिक प्रकरणों के निकाल में तेजी लाने के निर्देश के अलावा अपराध की विवेचना में नए कानूनों के प्रावधानों व तकनीकी कार्यो को पेशेगत तरीके करने, तयवक्त में सड़क दुर्घटना के प्रकरणों का ब्यौरा आई-रेड में एन्ट्री करने, साइबर अपराध, धोखाधड़ी से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में खेती-किसानी प्रारंभ होगा इस दौरान कई प्रकार की वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है ऐसी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए फौरन एक्शन लेने साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अनिवार्य रूप से बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, बेहतर और विजुअल पुलिसिंग करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि आदतन अपराधी, गुंडे एवं बदमाश प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखे, असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखने एवं नियमित रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

## लारा दत्ता के पिता विंग कमांडर एल के दत्ता का निधन, पति संग अंतिम संस्कार में शामिल हुईं एक्ट्रेस

**मुंबई ,31 मई (ए)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता के पिता विंग कमांडर एल.के. दत्ता का निधन हो गया है, जिससे फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। लारा शनिवार सुबह अपने पति टेनिस स्टार महेश भूपति के साथ मुंबई में पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। इस दौरान वह बेहद भावुक नजर आईं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस न सिर्फ उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बल्कि इस कठिन समय में लारा को हिम्मत भी बंधा रहे हैं। लोग सोशल मीडिया पर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लारा के पिता वायुसेना में विंग कमांडर के पद से सेवानिवृत्त थे। उनके सम्मान और समर्पण को याद करते हुए लोग उन्हें नमन कर रहे हैं। गत 12 मई को एक्ट्रेस ने अपने पिता का जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। यह तारीख लारा के लिए बेहद खास है।

# अतिक्रमण के खिलाफ भैयाथान रोड में आज चल सकता है बुलडोजर....!

**०० प्रशासन की पूरी तैयारी,फिलहाल २५ -२५ फिट पर सहमति ०० भाजपा कांग्रेस में श्रेय की होड़**



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शहर के मुख्य मार्ग सुभाष चौक से महंगवा चौक तक सड़क चौड़ी करण के लिए आज रविवार सुबह से प्रशासन द्वारा बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी की गई है। पहले सड़क के दोनों ओर ३०-३०फिट की सीमा तय की गई थी। पर अब व्यवसायियों की मांग पर इसे २५-२५ फिट कर दिए जाने से लोगो ने राहत महसूस की है।हालांकि इसे लेकर श्रेय लेने की होड़ भी लग गई है।

नपा व राजस्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी करने के बाद वर्षो से दुकान लगाकर अपनी जीविकोपार्जन करने वाले सुभाष चौक के दुकानदारों ने तो दुखी मन से खुद दुकान खाली कर सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। लेकिन दुकानदार व्यवस्थापन की मांग कर रहे है। शुक्रवार को तहसीलदार समीर शर्मा के नेतृत्व में राजस्व व नपा की टीम सड़क चौड़ी करण के लिए दोनों ओर नापजोख कर ३०-३० फिट की सीमा तय कर दी गई थी। जिसके बाद शांत दिख रही शहर की राजनीति में कुछ हलचल हुई ओर अब यह सीमा सड़क के दोनों ओर २५-२५ फिट करने पर सहमति बनी है। तय सीमा कम कराने को लेकर शनिवार को दिन भर नेताओ में श्रेय लेने का दौर चलता रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े सहित कांग्रेस के अन्य नेता शहर में घूम घूम कर यह बताते रहे कि उन्होंने प्रशासन की तय सीमा कम कराकर प्रभावितों को राहत देने का काम किया है। नपा अध्यक्ष ने प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके व्यवस्थापन की दिशा में भी प्रयास कर रहीं है।

**भारी सियासत...**

इधर इस अतिक्रमण के मसले को लेकर नए सिरे से सियासत शुरू हो गई है।एक ओर जहां कांग्रेसी नेता आज सड़क पर दिखाई दिए और प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया तो दुसरीं ओर भाजपा नेताओं के यहां बैठकों का दौर चल रहा है।खबर है कि भाजपा के एक बड़े नेता के यहां बैठकों का दौर चलता रहा है जिसमे बड़ी संख्या में प्रभावित भी पहुंचे हुए थे। भाजपा भी प्रशासन से समन्वय कर राहत दिलाने की बात कर रही है।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर नारी सशक्तिकरण और सेवा भावना पर हुआ मंथन



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के ऑडिटोरियम में अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जयंती पर आयोजित भव्य समारोह में राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कर्तृत्व को नारी शक्ति की प्रेरणा बताया।श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी और हमेशा अपनी प्रजा की भलाई के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने जल संकट से निपटने के लिए तालाब खुदवाए, निर्धनों की सहायता की और शासन को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने शत्रुओं का डटकर सामना किया और अपने शासन में न्याय, धर्म और जनसेवा को सर्वोपरि रखा।मंत्री ने यह भी कहा कि अहिल्याबाई ने स्त्रियों को समाज में निर्णय लेने का अधिकार दिया और विधवाओं एवं वंचित वर्ग की महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि स्त्री केवल सहनशीलता की प्रतीक नहीं, बल्कि नेतृत्व, चेतना और परिवर्तन की वाहक भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी अहिल्याबाई की प्रेरणा से समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं।इसके अतिरिक्त श्रीमती राजवाड़े ने भटगांव स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित त्रिशताब्दी समारोह में भी भाग लिया। कार्यक्रम में वन विकास मंडल अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने अहिल्याबाई के जीवन को त्याग, सेवा और न्याय की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का शासन शक्ति का नहीं, सेवा का प्रतीक था। वे महलों में नहीं, जनता के बीच जाकर निर्णय लेती थीं।

उन्होंने विधवाओं को सम्मान दिलाया और भारतीय संस्कृति की आत्मा को जाग्रत किया।कार्यक्रम में ₹कर्तव्य ही पूजा है, सेवा ही धर्म₹ के मूलमंत्र को दोहराते हुए वक्ताओं ने नए भारत के निर्माण हेतु अहिल्याबाई के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें जय दुर्गा स्वसहायता समूह को डोर टू डोर कचरा संग्रहण और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अपने योगदान के लिए श्रीमती माधुरी भंडारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिले के गणमान्य नागरिकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैंकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिदार, श्रीमती कुसुम सिंह, भीमसेन अग्रवाल,रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती शिवानी जायसवाल, उपसंचालक पंचायत ऋषभ सिंह चंदेल, प्रवीण घोष व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि और संकल्प के साथ किया गया कि अहिल्याबाई होल्कर की सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# कोयला चोरों पर पुलिस का शिकंजा...55 टन कोयला के साथ चार गिरफ्तार

**०० २ हाईवा, जेसीबी मशीन, कार,मोटर सायकल, १ लाख १४ हजार रुपए नगदी जप्त**



सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)। शनिवार को पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर २ लाख ४० रुपए कीमत के ५५ टन कोयला, दो हाईवा, एक जेसीबी, एक कार, एक मोटर सायकल व १ लाख १५ हजार रुपए नगदी जप्त कर ४ लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल सूरजपुर पुलिस गश्त पर थी इसी दौरान जरिये मोबाईल पर सूचना प्राप्त हुई कि गेतरा गायत्री खदान में चोरी के कोयला को टेलर वाहनों में जे.सी.बी. के माध्यम से लोड किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ग्राम गेतरा गायत्री खदान पहुंची जहां एक जेसीबी क्रमांक सीजी १५ एसी ०८८२ के माध्यम से आदर्श जायसवाल अपने एक टेलर क्रमांक सीजी १५ एसी ४६१६ में करीब २५ टन कोयला कीमत १ लाख १० हजार रुपए का लोड करवा दिया था और करवा रहा था तथा एक टेलर क्रमांक सीजी १५ एसी ४२०६ में पहले से लगभग ३० टन कोयला कीमत १ लाख ३० हजार रुपए को लोड करवा कर मानी पेट्रोल टंकी के पास खडा किया है। आदर्श जायसवाल अपने लेबर ईश्वर सिंह को मोटर सायकल से कोयला चोरी के दौरान रास्ते में निगरानी कराया तथा अपने किया कार से खुद भी निगरानी करते रहा। मामले में धारा ३३१(४), ३०५(ई) बीएनएस व खान और खनिज (विनियम एंव विकास अधिनियम १९५७ की धारा २१(१) के तहत मामला दर्ज किया गया।मामले में पुलिस ने आदर्श जायसवाल से कोयला खरीदी बिक्री परिवहन करने संबंधी बिल, रसीद, पास परमिट की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो प्रथम द्दष्टया चोरी का कोयला होने से ५५ टन कोयला कीमत २ लाख ४० हजार रुपए, २ हाईवा, १ जेसीबी मशीन, १ किया कार, १ मोटर सायकल, १ लाख १४ हजार रुपए जप्त कर आरोपी आदर्श जायसवाल पिता विजय जायसवाल उम्र ३८ वर्ष ग्राम करंजी चौकी करंजी ईश्वर सिंह पिता ज्ञानी सिंह उम्र २२ वर्ष ग्राम राजापुर थाना रामानुजनगर, रामचन्द्र यादव पिता पंचूराम यादव उम्र १८ वर्ष ०४ माह निवासी तेलईकछार थाना जयनगर रमेन्द्र कुमार यादव पिता रामप्रसाद यादव उम्र २३ वर्ष ग्राम केनापारा चौकी करंजी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से चारों को जेल भेज दिया गया।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, एएसआई नंदलाल सिंह, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश तिवारी, कृष्णकांत पाण्डेय, आरक्षक गणेश सिंह, रविराज पाण्डेय, कामेश्वर टोप्पो, रामकुमार नायक, अखिलेश पाण्डेय व साइबर सेल की टीम सक्रिय रही।

## कन्या महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में छात्राओ के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में महाविद्यालय की अस्सी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्त्री रोग विषेशज्ञ डॉ. खेमज्योति जायसवाल, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज साहू, स्टॉफ नर्स सुश्री सुनीता सिंह,फार्मासिस्ट हेमंत सिंह की टीम ने एनीमिया, चर्मरोग, सिकलसेल, मुख रोग आदि बीमारियों की प्रारंभिक जांच की और संबंधित औषधि का निःशुल्क वितरण भी किया गया । साथ ही विश्व तम्बाकू दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में तम्बाकू जनित व्याधियों के बारे में भी अवगत कराया गया। आईक्यूएसी प्रभारी सहायक प्राध्यापक संदीप सोनी , डॉ. विनोद साहू, पूजांजली भगत, अजय प्रजापति, सजित खलखो, वर्षा यादव, सुप्रिया सिंघल, दिवाकर सेठी, टमलेश्वर राजवाड़े सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारीगणों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय रुप से सहयोग किया।

# सुशासन तिहार में जनकल्याण के लिए चला व्यापक अभियान

**०० जिले में १६१ समाधान शिविर में लोगो की समस्याओं का हुआ समाधान**



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सुशासन तिहार २०२५ के अंतर्गत ०८ अप्रैल से ३१ मई तक जिले में जनकल्याण के उद्देश्य से तीन चरणों में वृहद अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से प्रशासन ने आम जनता की शिकायतों और मांगों का न केवल समाधान किया बल्कि विभिन्न हितग्राही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर जनसरोकारों को मजबूती प्रदान की।इस अभियान का प्रथम चरण ०८ अप्रैल से प्रारंभ हुआ, जिसमें आम नागरिकों से उनकी समस्याओं, शिकायतों और आवश्यकताओं को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए। द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों का समाधान सुनिश्चित किया गया। तृतीय एवं अंतिम चरण में जिले भर में १६१ समाधान शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में किया गया, जहां विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याण से संबंधित कार्यवाही की गई।सुशासन तिहार के दौरान आधार संबंधी सेवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। ०५ मई से ३१ मई के मध्य कुल १६६६ नए आधार कार्ड का पंजीयन किया गया, वहीं ९८३० आधार कार्डों का अद्यतन कार्य संपन्न हुआ। इससे नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं से जुड़ने में आसानी हुई है, इसके साथ ही पात्र लोगों को केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। परिवहन विभाग (आरटीओ) द्वारा भी इस अवसर पर ०५ दिवसीय शिविर आयोजित कर शिक्षार्थियों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण की व्यवस्था की गई। जनपद पंचायत स्तर पर हुए शिविरों में रामानुजनगर में ३४, प्रतापपुर में ०९, प्रेमनगर में ३६, ओड़गी में २२ और भैयाथान में ३० शिक्षार्थी लाइसेंस जारी किए गए। प्राप्त अंतिम आकड़ो के अनुसार कुल मिलाकर १३१ नवयुवाओं को शिक्षार्थी लाइसेंस प्रदान किया गया।समाज कल्याण विभाग द्वारा इस तिहार के माध्यम से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल ७३ सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें ०३ मोटोराइज्ड सायकिल, ०४ ट्राईसायकिल, २७ श्रवण यंत्र, ०८ व्हीलचेयर, ०६ जोड़ी बैशाखी एवं २५ छड़ी शामिल हैं। यह प्रयास दिव्यांग नागरिकों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है।खाद्य विभाग द्वारा सुशासन तिहार के दौरान ५८४ नए राशन कार्डों का निर्माण किया गया, जिससे पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। इससे अनेक वंचित परिवारों को राहत प्रदान की गई।उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार २०२५ के तहत विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और समन्वित प्रयासों ने जिले में सुशासन स्थापित किया गया। इस दौरान आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ योजनाओं का लाभ भी सुलभ रूप प्रदान किया गया।